

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 22 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-054 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112




## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ से लापता युवक की लाश ओडिशा के जंगल में मिली

**गरियाबंद,22 मई।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से लापता हुए युवक का शव अधजले हालत में आज ओडिशा के जंगल में मिला है. शव नुआपड़ा जिले के सीनापाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरला जंगल में मिला है. युवक के शरीर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह जल चुका है. साथ ही शव के पास से बरामद उसकी बाइक भी जलकर खाक हो चुकी है. ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है. इस मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान लगनिया सोनवानी (35 वर्ष) के रूप में हुई है. वह मूल रूप से गरियाबंद जिले के देवभोग के उरमाल गांव का निवासी था, जो अपने ससुराल ग्राम मूंगिया में रह रहा था. बीते 7 दिनों से युवक लापता था. परिजनों ने बताया कि युवक अपने घर में किसी को बिना कुछ बताए अचानक निकला था. इसके बाद से वो न तो लौटा, और न ही उसकी कोई खबर नहीं मिली. परिजनों ने 16 मई को युवक की गुमशूदगी की शिकायत देवभोग थाने में दर्ज कराई थी. फिलहाल इस मामले में पुलिस हत्या कर शव को बाइक समेत जलाकर फेंकने की आशंका जता रही है और आगे की जांच में जुटी हुई है.

### देह व्यापार से परेशान मोहल्लेवासियों ने घेरा थाना

**रायगढ़,22 मई।** देह व्यापार की शिकायत करने बड़ी संख्या में महिलाएं एसपी ऑफिस पहुंची। जहां उन्होंने एसपी के नाम आवेदन दिया और मामले में कार्रवाई की मांग की। मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है। शहर से करीब के ग्राम पंचायत गढ़उमरिया के जाम टिकरा मोहल्ला की महिलाओं ने बताया कि पिछले करीब 10-12 सालों से यहां देह व्यापार का धंधा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राम नारायण साहू और उसकी पत्नी मोहल्ले के एक घर में यह काम करवा रहे हैं। इससे मोहल्लेवासी लंबे समय से परेशान हैं। उन्होंने अपने ज्ञापन में बताया कि पूर्व में भी जूमिटल थाना में इसकी शिकायत की जा चुकी है। तब 151 के तहत कार्रवाई की गई थी, लेकिन बावजूद इसके देह व्यापार का धंधा यहां बंद नहीं हो रहा है। महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन सौंपकर दोनों पति-पत्नी पर कार्रवाई करते हुए देह व्यापार का धंधा बंद कराने की मांग की है। एसपी ऑफिस शिकायत के लिए पहुंची महिला ने बताया कि इंदिरा साहू और उसके पति देह व्यापार का धंधा कराते हैं। इसके लिए जूटमिल थाना में आवेदन दिए थे। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि जिस मकान पर देह व्यापार चल रहा है, उसे सील करा दिया जाए। उसने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।महिला ने बताया कि मोहल्ले में स्थिति यह हो गई कि मोहल्ले की महिलाएं घर से बाहर न निकल पा रही है और न बैठ पा रही है। इस संबंध में डीएसपी सुशांतो बनर्जी ने बताया कि मामले में शिकायत की जांच की जाएगी और जांच में दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में जूटमिल थाना में शिकायत की गई थी। उस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी।

# मोदी की नसों में लहू नहीं गरम सिंदूर बह रहा

>> बीकानेर की धरती से पीएम मोदी ने पाकिस्तान को ललकारा

>> जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिटा दिया



**जयपुर,22 मई।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम नरेंद्र मोदी आज पहली बार राजस्थान के बीकानेर के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी सुबह करीब साढ़े दस बजे बीकानेर एयरबेस पहुंचे। यहां से सीधे करणी माता मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इसके बाद अमृत योजना के तहत बने देशनोक सहित देश के 103 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर की धरती पाकिस्तान और आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी का दिमाग ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है और अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गरम सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की कीमत पाकिस्तान को चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वो गोलियां पहलगाम में चली थी लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज आपके आशीर्वाद से देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर में कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारी पहली सभा राजस्थान के बीकानेर में आप लोगों के बीच हो रहा है। दुनिया ने देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बनता है तो क्या नतीजा होता है। साथियों 22 तारीख के हमले के जवाब में 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी. सेना ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। देश ने आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया था। पहलगाम हमले के बाद हमने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

### भारतीय के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा

पीएम मोदी ने कहा- भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह कीमत पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। मैं बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरा। पाकिस्तान ने इसे भी निशाना बनाने की कोशिश की थी। वो इस एयरबेस को रत्तीभर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया। यहां से कुछ दूरी पर पाकिस्तान का रहीमयार खान एयरबेस है, जो पता नहीं कब खुलेगा। आईसीयू में पड़ा है। पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर। यदि पाकिस्तान ने आतंकियों को एक्सपोर्ट करना जारी रखा तो पाई-पाई की कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। ये भारत का संकल्प है। दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है।

### भारत से कभी नहीं जीत सकता पाकिस्तान

मोदी ने कहा- पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई जीत ही नहीं सकता। जब भी लड़ाई होती है तो मुंह की खानी पड़ती है। इसलिए आतंकवाद को भारत के खिलाफ हथियार बनाया है। कई दशकों से यही चला आ रहा था। भारत में डर का माहौल बनाता था, लेकिन पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।

# डीजीपी ने खत्म की पुलिस विभाग में शनिवार की छुट्टी

**रायपुर,22 मई।** छुट्टी की समस्या से जूझते पुलिस कर्मियों को एक और झटका लगा है. शनिवार को मिलने वाली छुट्टी को समय सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण का हवाला देते हुए अनिश्चितकालीन के लिए रद्द कर दिया गया है. डीजीपी के निर्देशों का हवाला देते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) की ओर से जारी इस पत्र की पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच खासी चर्चा है. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) की ओर से जारी इस पत्र में कहा गया है कि कार्यालयीन कार्यों की महत्ता एवं संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना आवश्यक है. इस संबंध में पुलिस महानिदेशक ने शनिवार के दिन भी पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होकर आवश्यक शासकीय कार्यों के निवर्हन के लिए निर्देशित किया गया है. इस बात को ध्यान में रखते हुए तमाम एडीजी से अपनी शाखा में प्रत्येक शनिवार को उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए लंबित प्रकरणों से संबंधित शाखा प्रभारियों के साथ सहायक पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी को भी शनिवार के दिन कार्यालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करने कहा गया है. बताया जा रहा है कि पुलिस महकमे में शनिवार की छुट्टी खत्म होने की यह खबर आग की तरह मंत्रालय तथा अन्य सरकारी विभागों में भी तेज़ी से फैली है. इसके साथ ही अधिकारी और कर्मचारियों के बीच यह चर्चा होने लगी है कि मंत्रालय और एचओडी दफ्तरों के बाद धीरे-धीरे सभी विभागों की सैटरडे छुट्टी खतरे में है. बता दें कि छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों के लिए वीक में फाइव डेज वर्किंग चल रही है, लेकिन लगभग सभी आईएएस, आईपीएस और सारे विभागाध्यक्ष शनिवार को भी ऑफिस आ ही रहे हैं. कुछ नेता और अफसरों का मानना है कि शुक्रवार को अगर आम लोगों का काम नहीं हो पाता तो वह काम सीधे मंडे के लिए पेंडिंग हो जाता है. ऐसे में कलेक्ट्रेट समेत जनाता से सीधे जुड़े कार्यालय शनिवार को भी खुलें, तो आम लोगों को आसानी होगी.

# बीएसएफ ने 5 पाकिस्तानी चौकियां तबाह कीं

**श्रीनगर,22 मई।** आतंक परस्त पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। सीजफायर के बाद भी पाकिस्तान भारत को उकसाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी करता रहता है। बीएसएफ ने एक ऑपरेशन में पांच पाकिस्तानी चौकियों और एक आतंकी लॉन्च पैड को तबाह कर दिया। हालांकि ये ऑपरेशन किस दिन चलाया गया था। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। बीएसएफ अधिकारी ने ऑपरेशन के बारे में बुधवार को जानकारी दी। बीएसएफ कमांडेंट चंद्रेश सोना ने बताया, हमने पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी का करारा जवाब दिया। हमने उनकी कई संपत्तियों को नष्ट कर दिया। मस्तपुर में एक आतंकी लॉन्च पैड था, जिसे हमने नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में उनकी पांच चौकियां और कई बंकर तबाह कर दिए गए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही पाकिस्तान लगातार भारतीय क्षेत्र को निशाना बना रहा है। सेना ने एक्स पर ट्वीट कर बताया कि- ऑपरेशन त्राशीङ्खआज सुबह #छत्रू, #किश्तवाड़ में @JmuKmrPolice के साथ संयुक्त #ऑपरेशन के दौरान #आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया है। अतिरिक्त सैनिकों को शामिल किया गया है, और आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए ऑपरेशन जारी है। इधर किश्तवाड़ के जंगलों में आतंकियों और जवानों के बीच एनकाउंटर सुबह से जारी है। सुरक्षाबलों ने 3 से 4 आतंकियों को घेर लिया है। सेना और सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान अभी जारी है। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और खतरे को बेअसर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हाई अलर्ट ऑपरेशन में आतंकवादियों से निपटने के लिए सेना की ओर से गोलीबारी की खबर है।

# बीजापुर में सुरक्षाबल ने पांच नक्सलियों को किया ढेर

**बीजापुर/नारायणपुर/सुकमा,22 मई।** शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु को एक दिन पहले मार गिराने के बाद भी सुरक्षाबल का अभियान जारी है. गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगलों में जारी मुठभेड़ में डीआरजी ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है. इस दौरान दो जवानों के घायल होने की खबर है. वहीं नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया है. बता दें कि एक दिन पहले ही बुधवार को अबूझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अब तक के सबसे बड़े अभियान में डीआरजी के जवानों ने माओवादी संगठन के महासचिव और शीर्ष नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु के साथ कुल 27 नक्सलियों को मार गिराया था. इसके बाद भी सुरक्षाबल के जवानों ने बिना विराम लिए नक्सलियों के खात्मे में जुटे हुए हैं. अबूझमाड़ ऑपरेशन अभियान के दौरान कल 21 मई को शाम लगभग 7 बजे आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी बीजापुर के जवान रमेश हेमला शहीद हो गए. इससे पूर्व 21 मई को ही सुबह नक्सली हमले का बहादुरी से सामना करते हुए नारायणपुर जिले के औरचा थाना क्षेत्र के ग्राम भटबेडा का निवासी डीआरजी टीम के सदस्य खोटलूराम कोर्राम शहीद हो गए थे. दोनों शहीद जवानों का पार्थिव शरीर नारायपुर जिला मुख्यालय में लाया जा रहा है, जहां सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी. इस बीच अबूझमाड़ के जंगलों में मारे गए 27 नक्सलियों के शव को लेकर मुठभेड़ स्थल से हेलिकॉप्टर निकल गया है. कुछ देर में हेलिकॉप्टर के नारायणपुर हैलीपेड में पहुंचने की उम्मीद है.

### पखांजूर में नक्सली कैंप ध्वस्त, हथियार बरामद

**पखांजूर,22 मई।** छत्तीसगढ़ के पखांजूर में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की। गढ़चिरौली की सी-60 और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने नक्सली कैंप पर धावा बोला। करीब 2 घंटे तक चली तीखी मुठभेड़ के बाद नक्सली जंगल का सहारा लेकर भाग निकले। जवानों ने कैंप को पूरी तरह नष्ट कर दिया और वहां से एक इंसास राइफल, जिंदा कारतूस, डेटोनेटर, रेडियो, वॉकी-टॉकी सहित कई अन्य सामग्रियां बरामद कीं। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ थाना क्षेत्र में सी-60 और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में 36 लाख के इनामी 5 नक्सलियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। इनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए।

# दो ट्रकों में टक्कर,वैन ट्रक में घुसी, आग लगने से चालक की मौत, 5 घायल

**बलौदाबाजार,22 मई।** बलौदाबाजार जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब दो ट्रकों की टक्कर के बीच पीछे से आ रही वैन सीधे ट्रक में घुस गई। हादसा इतना भयानक था कि वैन और ट्रक में आग लग गई, जिसमें वैन चालक जिंदा जलकर दर्दनाक मौत का शिकार हो गया और पांच लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना पलारी थाना क्षेत्र में हुई है। बुधवार रात जब दो ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई। उसी बीच पीछे से आ रही वैन का चालक नियंत्रण खो बैठा और वैन ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वैन में आग लग गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और वैन में फंसे तीन लोगों को बाहर निकाल लिया, लेकिन वैन चालक सेवक साहू अंदर फंसे रहे और वे जिंदा जल गए। घटना में वैन में सवार मोहन भारद्वाज समेत दो अन्य लोग घायल हो गए हैं, जबकि ट्रेलर चालक भी इस हादसे में चोटिल हुआ है। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां सभी का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, मोहन भारद्वाज अपने परिवार के साथ इलाज कराने गए थे और वापस अपने गांव गोड़ा लौट रहे थे। गांव से कुछ ही दूरी पर यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाई।

# छत्तीसगढ़ के 5 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

**रायपुर,22 मई।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पांच अमृत स्टेशन सहित देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों




का उद्घाटन किया। इन स्टेशनों का उन्नयन यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के जिन अमृत स्टेशनों का उद्घाटन हुआ उनमें बिलासपुर मंडल का अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई एवं भानुप्रतापपुर स्टेशन तथा नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि आदिवासी बहुल सरगुजा जिले का मुख्यालय अंबिकापुर सहित छत्तीसगढ़ के 05 रेल्वे स्टेशन अब रेल्वे मानचित्र में प्रमुख स्टेशन के रूप में शामिल हो गए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशनों के सौगात के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में वन मंत्री श्री राम विचार नेताम, वित्त श्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, लोकसभा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, विधायक श्री राजेश अग्रवाल, श्रीमती उद्धेश्वरी पेकरा, श्रीमती शंकुतला पोंते, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# गाज गिरने से पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

**बलरामपुर,22 मई।** बलरामपुर जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई।वहीं कई मवेशियों की भी जान चली गई। मौसम विभाग ने बस्तर और सरगुजा संभाग के कई जिलों के लिए बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 80 किमी की रफ़्तार से हवा भी चलेगी। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव जिले की कुछ जगहों पर बारिश भी शुरू हो गई है। तेज हवा के साथ मेघगर्जन भी हो रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम मझौली, जोगियानी और सुलसूली गांव में आज अचानक मौसम बदला और बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्राम मझौली निवासी दयाराम अगरिया (11 वर्ष) और जोगियानी निवासी श्रीराम पण्डो (30 वर्ष) और रोहित पण्डो (13 वर्ष) की मौत हो गई। श्रीराम और रोहित दोनों पिता-पुत्र हैं। बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशियों और 12 बकरियों की भी मौत हो गई। साथ ही कई मवेशी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन और पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची है। बलरामपुर जिले के सुलसुली गांव में एक फेरी वाला भी आकाशीय बिजली की चपेट में आया है, जिससे वह घायल हो गया।

# पाकिस्तान में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा

**कराची,22 मई।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे में 100 साल पुराने एक हिंदू मंदिर पर कब्जे का आरोप लगा है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने गुरुवार को बताया कि जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान' के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा,'मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है।' काच्छी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी करके घटना की जानकारी दी। काच्छी ने कहा कि शिव मंदिर के कामकाज और मंदिर के आसपास लगभग चार एकड़ जमीन की देखरेख का जिम्मा एक समिति के पास था। यह स्थान कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खटियन गांव में है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्वार किया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के निकट ही समुदाय के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक शमशान भी है। मंदिर में प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालु भजन-कीर्तन भी करते हैं। संगठन प्रमुख ने कहा, 'भू-माफिया ने मंदिर के आसपास की काफी भूमि पर कब्जा कर लिया है और इसके चारों ओर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।' सिंध में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के कल्याण के लिए कार्य करने वाले और कानूनी सहायता प्रदान करने वाले काच्छी ने पाकिस्तान सरकार से मंदिर के चारों ओर अवैध निर्माण को रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सिंध में कई ऐतिहासिक हिंदू मंदिर हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है।




# छत्तीसगढ़ का युवक घुस गया था सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में

**मुंबई,22 मई।** सलमान खान के घर में जबरदस्ती घुस रहे एक शख्स को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 20 मई की है। पुलिस के अनुसार, छत्तीसगढ़ का रहने वाला 23 साल का जीतेंद्र कुमार, 20 मई की शाम 7 बजकर 15 मिनट पर गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसा था। सिक्योरिटी से छिपने के लिए वो कार में छिपकर अपार्टमेंट में घुसा था। जितेंद्र सलमान खान से मिलने के लिए गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचा था। बिल्डिंग में रहने वाले किसी एक व्यक्ति की गाड़ी के पीछे छुपकर उसने बिल्डिंग में घुसने की कोशिश की, जिसे सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया। सलमान को Y+ सुरक्षा दी गई है।गैलेक्सी अपार्टमेंट पर सलमान खान की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी संदीप नारायण की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने FIR दर्ज की है। इसमें लिखा है कि 20 मई को लगभग 09:45 बजे, एक अज्ञात व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट बिल्डिंग के आसपास घूमते देखा गया। मैंने उसे समझाया और उस जगह से चले जाने को कहा। इस पर आरोपी ने अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया। शाम करीब 7:15 बजे वही अज्ञात व्यक्ति फिर गैलेक्सी अपार्टमेंट के मुख्य द्वार पर वापस आया और इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति की कार से गेट के अंदर प्रवेश कर गया। मौके पर मौजूद पुलिस कॉन्स्टेबल सुर्वे, महेत्रे, पवार और सुरक्षा गार्ड कमलेश मिश्रा ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और बांद्रा पुलिस के हवाले कर दिया। इसके एक दिन पहले 19 मई को भी ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने सिक्योरिटी से छिपकर बिल्डिंग में दाखिल होने की कोशिश की थी।

# अहिल्या बाई होलकर ने विकसित की थी राष्ट्रहित व धर्म संबंधी जन जागरूकता : आयुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 मई।** देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छता दीदीयों के साथ परिचर्चा एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने परिचर्चा के दौरान स्वच्छता दीदियों से अहिल्या बाई होलकर के बारे में पूछा। आयुक्त ने उन्हें बताया कि देवी अहिल्या बाई होलकर सामान्य परिवार में जन्म लेकर होलकर साम्राज्य की महारानी बनीं। उन्होंने अपने शासनकाल में बहुत से सुधार किए। जिसमें प्रमुख रूप से बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार, नगर का औद्योगीकरण, महिलाओं में सुरक्षा का अधिकार, राष्ट्रहित एवं धर्म संबंधी जन जागरूकता उनके द्वारा विकसित किया गया था। विषम परिस्थितियों में भी अपने राज्य के कार्य को संभालते हुए एक अच्छी महिला प्रशासक के रूप में उनका नाम इतिहास में सम्मान पूर्वक लिया जाता है। स्वच्छता दीदी नुसरत बानो ने बताया कि देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवनी के बारे में हम



लोगों को कोई जानकारी नहीं थी। अच्छा हुआ आज हम सब को यह सीख मिली कि एक महिला अपने लगन एवं परिश्रम से सब कुछ कर सकती है। इस अवसर पर सभी स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बैकुण्ठधाम में आयोजित किया गया। जिसमें उनका बीपी, शुगर, अस्थमा, खून जांच, सर्दी, खांसी, घुटना दर्द आदि का ईलाज करवाया गया, साथ में 115 स्वच्छता दीदियों के जांच के बाद दवा वितरित किया गया। वहां कार्यरत डॉक्टर रिचा शर्मा ने स्वच्छता दीदियों को समझाया कि 41 प्रकार के खून का जॉच होता है। इसी जांच को बाहर क्लीनिक में कराने पर 3 से 4 हजार रुपये खर्च आ जाता है। जबकि यहां पर शासन द्वारा यह सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है। सुबह जांच के बाद दोपहर 2 बजे तक रिपोर्ट मोबाइल में आ जाता है। उसके साथ ही आवश्यक रूप से सभी प्रकार की दवाइयां भी निःशुल्क दी जाती है। यह शिविर वार्ड अनुसार चयनित स्थल पर लगाया जाता है। जिससे लोग आकर लाभ ले सकें। परिचर्चा के दौरान जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे ने भी अपने विचार रखे।

## समाचार संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने श्री पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में की पूजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 22 मई।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कवर्धा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश के नागरिकों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मंदिर प्रांगण में पारंपरिक विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक करते हुए बेलपत्र, पुष्प एवं धूप-दीप अर्पित किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बुढ़ा महादेव मंदिर आस्था का केंद्र है और यहां की पावन ऊर्जा जनमानस को आध्यात्मिक बल प्रदान करती है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भगवान शिव की कृपा हम सभी पर बनी रहे, यही मेरी प्रार्थना है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिला समृद्ध हो, यहां के लोग खुशहाल रहें और प्रदेश लगातार प्रगति की दिशा में आगे बढ़े।पूजा अर्चना के बाद उपमुख्यमंत्री श विजय शर्मा वर्षो से मंदिर परिसर में चल रहे सीताराम संकीर्तन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण में उन्होंने श्रद्धा के साथ सीताराम सीताराम का गायन किया और उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। उन्होंने कहा कि सीताराम नाम का संकीर्तन आत्मा को शांति देता है और समाज को जोड़ने का कार्य करता है।

## एक नजर

### सूने मकान में चोरों ने किया हाथ साफ

**भिलाई, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत एक परिवार तीर्थस्थान परिवार सहित घूमने गया है इधर चोर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि रिलांयस टावर के पास शिक्षित नगर बीएमवाय चरोदा निवासी अमित मंडल (28 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके घर के सामने में ए.पी. श्रीवास्तव का परिवार रहता है वह 10 मई अपने पूरे परिवार के साथ तीर्थस्थान घुमने केदारनाथ उत्तराखंड गये हुए हैं उन्होंने प्रार्थी को रात में घर में सोने के लिए बोला था प्रार्थी उसी दिन से रोज ए.पी. श्रीवास्तव के घर में रात 10 बजे सोने जाता था और दूसरे दिन सुबह 6 बजे घर में ताला लगाकर आ जाता था

### रिसाली के नागरिक घर बैठे जमा कर सकते हैं टैक्स

**रिसाली, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिक निगम रिसाली के नागरिक अब घर बैठे मोबाइल से संपत्तिकर, जलकर, समेत समस्त प्रकार के कर जमा कर सकते हैं । ऑनलाइन सेवा में सभी प्रकार जैसे कार्ड, यू.पी.आई., क्यू.आर.कोड सुविधा दी गई है। इसके अलावा निगम के कर्मचारी टैक्स की राशि लेने घर पहुंच सेवा भी देंगे। निगम के संपत्तिकर विभाग के अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में निजी कंपनी से कर वसूली के लिए निगम ने अनुबंध किया था। वर्तमान में निगम स्वयं कर वसूली करने का निर्णय ली है। उन्होंने बताया कि कर दाता को कर की राशि जमा करने कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि ऐसे नागरिक जिन्हें ऑनलाइन व टैक्स जमा करने में असुविधा हो रही है वे कार्यालय आकर कर की राशि जमा कर सकते हैं। 31 मई तक संपत्तिकर जमा करने पर कर दाता को सवा छः प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वही 31 जुलाई तक 5 प्रतिशत, 30 अगस्त तक 4 प्रतिशत और नवंबर माह में केवल 2 प्रतिशत की छुट का लाभ कर दाता ले सकते हैं।

### प्रगति नगर में विद्युत अवरोध की समस्या से आक्रोश

**भिलाई, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रूआबांधा फीडर में बिजली की दिक्कतों से नागरिक परेशान हैं। लोगों में इसे लेकर आक्रोश की स्थिति पनप रही है। प्रगति नगर, आशीष नगर, दया नगर, प्रियंका नगर कॉलोनी के लोगों को आये दिन विद्युत् अवरोध की समस्या जूझना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आये दिन बिना किसी पूर्व सूचना के लाइट जब-तब चली जाती है। एक तो गर्मी ऊपर से बिना पूर्व सूचना के कभी भी बिजली गोल होने से लोग परेशान होते हैं। खासकर बुजुर्ग, बीमार लोग और बच्चे बेहद परेशान होते हैं। जागरूक नागरिक संजय सराफने इस क्षेत्र की विद्युत समस्या को अविलम्ब दूर करने का अनुरोध बिजली अधिकारियों से की है।

### नपं पाटन में आयोजित किया गया समाधान शिविर



**उतई, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार समाधान के तहत नगर पंचायत पाटन के वार्ड 15 अटारी में वार्डो का समाधान शिविर आयोजित की गई जिसमें नगरवासी अपनी जन समस्या, मांग, शिकायत हेतु आवेदन किए एवं संबंधित विभाग द्वारा त्वरित समाधान भी किया गया 7 शिविर में कुल 538 आवेदन प्राप्त हुए एव 53 का निराकरण त्वरित किया गया, शिविर में प्रमुख रूप से नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, नगर पंचायत पाटन ष्द्वश् हेमंत वर्मा, पाटन मंडल अध्यक्ष श्रीमति रानी बंछोर जी, सभापति केवल देवांगन, पार्षद देवेंद्र ठाकुर, पार्षद श्रीमति अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद श्रीमति संगीता धुरंधर, पार्षद दीपक यादव, पार्षद गुनीराम कौशिक, केशव बंछोर, प्रकाश बिजौरा, बाबा वर्मा सहित नगर पंचायत पाटन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने किया पुनर्विकसित भिलाई रेलवे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन

# रेलवे देश के लोगों के विश्वास का प्रतीक है : सांसद तोखन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित भिलाई रेलवे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान स्टेशन परिसर में स्थानीय रेल प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री और बिलासपुर के सांसद तोखन साहू ने शिरकत की वहीं मंच पर आसपास की विधायक उपस्थित रहे एवं रेलवे के प्रधान कार्मिक अधिकारी आरके अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीकानेर में 26 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसमें 18 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित 103 रेलवे स्टेशन का उद्घाटन भी शामिल रहा। छत्तीसगढ़ में भिलाई सहित उरकुरा, अंबिकापुर, भानुप्रतापपुर और डोंगरगढ़ स्टेशन का उद्घाटन आज हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठीक 11 बजकर 55 मिनट पर अमृत भारत योजना के तहत बने स्टेशनों का उद्घाटन किया।



एलईडी स्क्रीन पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भिलाई के आयोजन में देखने की सुविधा उपलब्ध रही। मंच पर विराजमान केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू समेत अन्य अतिथियों ने ताली बजाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का काम चल रहा है। रेल और रेलवे स्टेशन आधुनिक हो इसके लिए 11 वर्षों में अभूतपूर्व गति से काम किया गया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर में पहले जितना खर्च होता था, उससे छह गुना खर्च अभी किया जा रहा है पीएम मोदी ने कहा कि हम माल गाड़ियों के अलग से स्पेशल पटरियां बिछा रहे हैं। देश में पहली बुलेट ट्रेन का काम चल रहा है। इसके साथ ही 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशन को आधुनिक बना रहे हैं। इसे अमृत भारत स्टेशन का नाम दिया है। सोशल मीडिया पर लोग देख रहे हैं कि इन रेलवे स्टेशनों का पहले क्या हाल था, अब इनकी तस्वीर बदल रही है।

विकास भी, विरासत भी मंत्र का इन स्टेशनों पर नजारा साफ दिखाई देता है।यह स्थानीय कला व संस्कृति का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत ट्रेनों को भी आधुनिक कर रहा है। वंदे भारत ट्रेन, नमो भारत ट्रेन देश की नई गति को दर्शाती है। देश में करीब 70 रूट पर वंदे भारत ट्रेन चल रही है। बीते 11 साल में सैकड़ों रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया गया है। 34 हजार किमी से ज्यादा के नए रेल ट्रैक बिछाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में हो रहे विकास कार्यों को देखकर दुनिया हैरान है। उत्तर में चिनाब ब्रिज जैसे निर्माण से लोग हैरान हैं। पूर्व में असम की बोगीबील ब्रिज, पश्चिम में मुंबई में समुंदर पर बना अटल सेतु नजर आएगा। दक्षिण में पाम्बन ब्रिज अपनी तरह का पहला बिज है स्थानीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे स्टेशनों के विकास को लेकर सोच को साकार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के लिए हाल ही में खरसिया से नया रायपुर होकर परमालकसा तक और रावघाट से जगदलपुर तक नई रेल परियोजना को स्वीकृति दिलाई है। उन्होंने कहा रेलवे देश के लोगों के विश्वास का प्रतीक है। पहले छत्तीसगढ़ में रेलवे के लिए 313 करोड़ का बजट मिलता था। अब 47 हजार करोड़ के काम चल रहे हैं। भिलाई-3 में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में रेल सुविधा का जरुरत के मुताबिक 30 से 35 फीसदी काम ही हो पाया है। इसलिए तिसरी और चौथी लाइन विकसित की जा रही है। इन कामों के पूरा होने पर ट्रेनों की संख्या बढ़ने के साथ ही स्टापेज बढ़ाये जाने में सहूलियत होगी।

### उपमुख्यमंत्री ने कवर्धा स्थित श्री राम रसोई में किया भोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 22 मई।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज अपने कबीरधाम (कवर्धा) प्रवास के दौरान जनसेवा की मिसाल बन चुकी राम रसोई में आमजन के साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने साथियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ राम रसोई की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और 30 में मिल रही स्वच्छ, पौष्टिक और स्वादिष्ट थाली की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, डीएफओं निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी सहित राम रासोई से संजय देसाई, शैलेन्द्र उपाध्याय, पप्पु मिश्रा, रेखराज मुंदड़ा, अभय जैन सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री राम रसोई कवर्धा में कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की एक जनकल्याणकारी पहल है, जहां मात्र 30 रूपए प्रति थाली में आम नागरिकों को गरम, ताजा और संतुलित भोजन परोसा जाता है। उपमुख्यमंत्री ने भोजन ग्रहण करने के बाद रसोई के संचालकों से मुलाकात की, उनकी मेहनत की सराहना की और कहा कि ऐसी योजनाएं समाज के कमजोर तबके के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। राम रसोई जैसे प्रयास यह दर्शाते हैं कि जब जनभागीदारी और सेवा भावना एक साथ मिलती है, तो समाज में बड़ा सकारात्मक बदलाव संभव होता है। इस पहल से न केवल ज़रूरतमंदों को सम्मानजनक ढंग से भोजन मिल रहा है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और सेवा की भावना को भी सशक्त कर रहा है।

### आम्रपाली कॉलोनी की नई कार्यकारिणी का गठन



**भिलाई, 22 मई (तरुण छत्तीगढ़ संवाददाता)।** आम्रपाली कॉलोनी के क्लब हाउस में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कॉलोनी के सर्वांगीण विकास, सुव्यवस्थित संचालन एवं सामूहिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए नवगठित कार्यकारिणी समिति 2025 का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में श्रीमती के. ज्योति नारायण, उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता मिश्रा एवं परविंदर सिंह, महासचिव रवि सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष राजू भोजक, कोषाध्यक्ष दिलीप नामदेव, सह-कोषाध्यक्ष रणधीर कपूर, सह-सचिव अखिलेश प्रताप सिंह, संरक्षक मंडल पी. एस. सिंह, राजा राव, राजू बघेल, महेन्द्र यादव, जी.डी. अग्रवाल, समीक्षक आर.एस. पासी, प्रवक्ता नवल किशोर साहू, राजेश अग्रवाल, कानूनी सलाहकार रणजीत मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्यगण रवि गोडवानी, रोहित केसरवानी, नरसिंह अग्रवाल, गुरमीत सिंह, पारस यादव, अवधेश कुमार, विजय जायसवाल चुने गए। आम्रपाली कॉलोनी के अशोक गोयल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि सभी मनोनीत पदाधिकारी शीघ्र ही अपने-अपने पदभार ग्रहण करेंगे और कॉलोनी की सेवा में सक्रियता के साथ योगदान देंगे।

# महिलाओं ने माथे पर सिन्दूर लगाकर हाथों में थामा तिरंगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 22 मई।** नगर पालिक निगम रिसाली के तत्वधान में शहर की महिलओं ने बुधवार की शाम रैली निकाली। वे पहले एक दूसरे के माथे पर सिंदूर का तिलक की। इसके बाद हाथों में तिरंगा लेकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली मोनिका वर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली। महिलाओं ने रैली तिरंगा के सम्मान में निकाली। ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर दशहरा मैदान में महिलाओं ने आपस में सिंदूर का तिलक की। इसके बाद विधायक के नेतृत्व में रैली भारत माता के जयकारे लगाते




हुए कृष्णा टॉकीज रोड पहुंची। कृष्णा टॉकीज रोड भ्रमण करते हुए रैली वापस शहीद स्मारक स्थल पहुंची। जहां महिलाओं ने और वरिष्ठ नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य डॉ. सीमा साहू, पार्षद रमा साहू, माया यादव, धर्मेन्द्र भगत, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, महिला स्व समूह की सदस्य व नगर पालिक निगम रिसाली की महिला कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

## आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जर्जर पानी टंकियों को डिस्मेंटल करने के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 02 में स्थित हाउसिंग बोर्ड में लगभग 50 वर्ष पूर्व जल आपूर्ति के लिए पानी टंकी बनाया गया था। जो अब पुरानी हो गई है, कुछ पानी टंकियों से पानी लीकेज की भी शिकायत आ रही है। सीमेंट छोड़कर गिर रहा है, उसको देखते हुए नगर निगम भिलाई द्वारा वहां पर निर्मित पानी सप्लाई करने के लिए नई पानी टंकियां बना दी गई हैं। लेकिन अभी भी पुरानी टंकियों से पानी सप्लाई की जा रही है। नई टंकियां शीघ्र ही चालू कर दी जायेंगी, पुरानी टंकियों से किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसलिए उसे डिस्मेंटल किया जाएगा। उसको तोड़ने से पहले नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी से स्टेबिलिटी प्रतिवेदन लिया जाएगा। पानी टंकी की वास्तविक स्थिति क्या है। उसकी मजबूती किस प्रकार की है, टंकिया उपयोग के लायक है या नहीं। इन सब के प्रतिवेदन आने के बाद उसे तोड़ा जाएगा। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अभियंता गणो को लेकर पानी टंकियों का अवलोकन करने गए।

### ऊर्जा जरूरतों के बड़े हिस्से को नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तित करने के लिए करना होगा प्रयास : चौबे




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 मई।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा विश्व दूरसंचार एवं सूचना समाज दिवस के अवसर पर तकनीकी प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रविशंकर, मुख्य महाप्रबंधक एवं विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. श्रीमती शिम्पी रल्हन गोयल, प्राध्यापक एवं सुमन कुमार त्रिपाठी, व्याख्याता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। मानसेवी सचिव बसंत साहू ने स्वागत भाषण दिया। विशिष्ट अतिथि रविशंकर ने अपने उदबोधन में कहा कि सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं जैसे ऑनलाइन रेलवे टिकटिंग, यूपीआई द्वारा लेन देन और ई-दस्तावेजों जैसे नवाचारों ने मनुष्य जीवन व्यवस्था को बहुत बड़ी सुविधा प्रदान की है। विशिष्ट अतिथि वक्ता डॉ श्रीमती शिम्पी रल्हन गोयल ने बताया कि वैश्विक जनसंख्या में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग आधी है लेकिन डिजिटल क्षेत्रों में उनका प्रतिनिधित्व काफी कम है। विशिष्ट अतिथि वक्ता सुमन कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में माँ सबसे प्रथम और सदैव सबसे बेहतरीन संचारक होती है। अपने अध्यक्षीय उदबोधन में द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने कहा कि सरकार, आमजन और सभी संस्थाओं को संयुक्त प्रयास से विश्व की उर्जा जरूरतों के बड़े हिस्से को नवीकरणीय उर्जा में परिवर्तित करने हेतु प्रयास करना होगा। उन्होंने सौर उर्जा से जुड़े सोलर पेनल्स के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले 20 से 25 वर्ष बाद इनका निपटान एक बहुत बड़ी चुनौती होगी जिस पर अकादमिक संस्थाओं एवं अनुसन्धान इकाइयों को अभी से ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. श्वेता चौबे, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, शिखर तिवारी, भिलाई इस्पात संयंत्र, सेट/सेल, जेके लक्ष्मी सीमेंट, एनएसपीसीएल, एसीसी के अधिकारी, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के सदस्य और भिलाई दुर्ग के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव पर बोले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पाण्डेय

# लोकतंत्र को गति देने की दिशा में सार्थक कदम : प्रेमप्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच एक राष्ट्र, एक चुनाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन सेक्टर -4 में हुआ। यंगिस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे।

पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र का सार असहमति से सहमति की ओर बढ़ना है। यदि हर कोई एक मत हो, तो लोकतंत्र का कोई औचित्य नहीं रह जाता। देश का संविधान इसीलिए समावेशी है क्योंकि उसमें देश के हर कोने से आए प्रतिनिधियों की आवाज शामिल है। डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जैसे नेताओं ने देश के संविधान को बनाते समय विश्व भर की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं को आत्मसात किया। सबका उद्देश्य एक ही था कि भारत की विविधता में एकता को सुरक्षित और सशक्त बनाना।

उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया गया कि भारत में जितने चुनाव होते हैं, उतने शायद दुनिया के किसी अन्य लोकतंत्र में नहीं होते। पंचायतों से लेकर संसद तक, सहकारी समितियों से लेकर मंडियों और कॉलेजों तक, हर स्तर पर चुनाव होते हैं। इससे स्पष्ट है कि भारत ने लोकतंत्र को सिर्फ एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में अपनाया है। पाण्डेय ने वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद जो संविधान सभा बनी, वही आगे चलकर



लोकसभा में तब्दील है। भारत में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और नगर निकायों के लिए अलग-अलग चुनाव होते हैं, जिससे समय और संसाधनों की भारी खपत होती है। इसलिए इस विचार को गंभीरता से लिया जाना चाहिए कि क्या सभी चुनाव एक साथ संभव हैं? संविधान की संरचना और चुनावी प्रक्रियाओं का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की राज्यसभा अमेरिका की सीनेट की तरह है, लेकिन उसका कार्यकाल छह वर्षों का रखा गया है, जबकि अमेरिका में यह पांच वर्षों का होता है।

राज्यसभा एक स्थायी सदन है, जिसमें हर दो वर्ष में एक तिहाई सदस्यों का चयन होता है। चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता केवल योजनाओं की घोषणा पर रोक नहीं लगाता, बल्कि प्रशासनिक कार्यों की गति को भी धीमा कर देता है। अधिकारियों से लेकर स्वास्थ्यकर्मियों तक, लाखों लोग चुनावी कार्य में लग जाते हैं, जिससे नियमित सरकारी कामकाज प्रभावित होता है। पाण्डेय ने कहा कि देश में लगभग नौ लाख मतदान केंद्र हैं और देश की कुल सरकारी कर्मचारी संख्या लगभग साढ़े तीन से चार करोड़ के बीच है। इस सीमित मानव संसाधन को बार-बार चुनाव प्रक्रिया में झोंकना, देश की कार्यकुशलता और सेवा प्रणाली को प्रभावित करता है। ऐसे में यह विचारणीय है कि क्या हम एक बेहतर प्रणाली की ओर बढ़ सकते हैं, जहाँ समय, धन और मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग हो? उन्होंने कहा कि इस पहल ने न केवल लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का कार्य किया, बल्कि इसमें उठाए गए विचारों ने सभी उपस्थित जनों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि भारत का लोकतंत्र जितना व्यापक है, उतना ही व्यावहारिक और उत्तरदायित्वपूर्ण भी होना चाहिए। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं यंगिस्तान संयोजक मनीष पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक चुनावी सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का माध्यम है।

एक नजर

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में समर कैंप का समापन



**डोंगरगांव, 22 मई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव में 12 मई से 21 मई तक आयोजित समर कैंप का समापन समारोह मंगलवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही शाला विकास समिति के सदस्य श्री गुलशन हिरवानी, श्री रामकुमार गुप्ता, श्री हेमंत चोपड़ा, श्री टोमनलाल साहू समेत अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में 200 से अधिक विद्यार्थियों और उनके पालकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के अंग्रेजी व्याख्याता श्रीमती सृष्टि शर्मा एवं भौतिक विज्ञान व्याख्याता श्री वासुदेव साहू ने किया। समर कैंप की गतिविधियों की झलकियाँ टीवी स्क्रीन पर दिखाई गईं, जिसका फिल्मांकन व्याख्याता श्रीमती अनामिका सिन्हा एवं श्री तौफीक राजा द्वारा किया गया।

### प्रदेश के बाहर से आने वाले संदिग्ध लोगों की जांच कर लिए गए फिंगरप्रिंट



**राजनांदगांव, 22 मई।** बाहर से आये मुसाफिरों/फेरी वालों, बंगलादेशी व अन्य संदिग्धो की पहचान हेतु राजनांदगांव पुलिस ने चलाया अभियान। चोरी एवं अन्य अपधारों में लगाम लगाने के लिए सभी थाना/चौकी क्षेत्रों में संदिग्धों को किया जा रहा चेकिंग। राजनांदगांव पुलिस द्वारा 100 से अधिक संदिग्ध को चेक किया गया जिसमें से 56 लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, आदि चेक कर उनका फिंगरप्रिंट लेकर उनको तस्दीक किया गया। नगर/ग्रामों में घुमघुम कर फेरी लगाने वाले, खोमचा वाले आदि संदिग्धों से पूछताछ कर की जा रही है चेकिंग। मुसाफिरों के संबंध में की गई कार्यवाही का रिकार्ड अपने-अपने थाना/चौकी में रखने के दिये गये निर्देश। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अभियान चलाकर 100 से अधिक लोग जिनमें से जिला व प्रदेश के बाहर से आने वाले संदिग्ध लोगों व घुमंतुकों, अप्रवासीय भारतीय, फेरीवाले, खोमचावाले को चेक किया गया जिसमें से 56 संदिग्ध लोगों का थाना कोतवाली द्वारा 08 संदिग्ध, थाना सोमनी द्वारा 20 संदिग्ध, ओ.पी. तुमड़ीबोड़ द्वारा 07 संदिग्ध, ओ.पी. सुकुलदैहान द्वारा 06 संदिग्ध, थाना बागनदी द्वारा 04 संदिग्ध, थाना छुरिया द्वारा 01 संदिग्ध, थाना डोंगरगांव द्वारा 06 संदिग्धों, थाना डोंगरगढ़ द्वारा 03 संदिग्धों का फिंगरप्रिंट लेकर तथा आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि लेकर उनको तस्दीक किया गया।

### डॉ. रमन सिंह वन नेशन-वन इलेक्शन संगोष्ठी में हुए शामिल

**राजनांदगांव 22 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में सामाजिक संस्था उदयाचल द्वारा आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन समकालीन चुनाव की अवधारणा पर परिचर्चा है। संगोष्ठी में सभी समाज एवं वर्गों के लोग उपस्थित हैं, जहां सामाजिक समरसता का ताना-बाना दिखाई दे रहा है।

## निधन

### कौशल्या बाई साहू

**राजनांदगांव, 22 मई।** मोतीपुर बाई बाड़ा निवासी कौशल्या बाई साहू पति स्व जगदीश साहू का आज दिनांक 21 मई को निधन हो गया। आज शाम स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे तक पुत्र चार पुत्री, नाती पोता सहित भरपुरा परिवार छोड़ गए।



# पहाड़ी कोरवा के पीएम जनमन आवास में पहुंचे मुख्यमंत्री साय

- परिवार ने पारंपरिक रीति रिवाज और सरई फूल की माला से किया स्वागत
- मुख्यमंत्री को भेंट की छिंद की चटाई, रागी, कुटकी और कटहल



**रायपुर, 22 मई।** पहाड़ी कोरवा के जनमन आवास में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के पहुंचने पर परिवार ने पारंपरिक रीति रिवाज और सरई फूल की माला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय आज सुशासन तिहार के अंतर्गत अचानक बलरामपुर-रामानुजगंज जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर पर सुदूरवर्ती पहाड़ी कोरवा ग्राम हरगवां ढोढरीकला पहुंचे थे। जहां ग्रामीणों से चौपाल में संवाद के बाद मुख्यमंत्री पीएम जनमन योजना के तहत दो हितग्राहियों के नवनिर्मित आवास में जाकर उसकी गुणवत्ता देखी। श्री लहंगू पहाड़ी कोरवा के घर पहुंचने पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका स्वागत किया गया। लहंगू और उनकी पत्नी ने सरई फूलों की माला पहनाकर आत्मीयता से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री साय ने खाट पर बैठकर लहंगू और उनके परिवार से विस्तारपूर्वक चर्चा की इस दौरान मुख्यमंत्री पूरी सहजता से पहाड़ी कोरवा परिवार से घुलते मिलते नजर आए। उन्होंने उनके जीवन, दिनचर्या, संस्कृति के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने लहंगू से आवास के संबंध में पूछा जिस पर लहंगू ने बताया कि पहले कच्चे मकान में रहने में कई समस्याएं होती थी। लेकिन पक्के आवास से अब खुश हैं। अब किसी प्रकार की चिंता नहीं सताती।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सरई पत्तों से बने दोने-पत्तल में तेंदू, चार और लीची जैसे स्थानीय और मौसमी फल परोसे गए। आम से बने पारंपरिक पेय आम पना का भी उन्होंने स्वाद लिया। लहंगू की पत्नी दरसी ने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से तैयार की गई छिंद की चटाई, रागी, कुटकी और कटहल का फल उपहार स्वरूप भेंट किया, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरे सम्मान के साथ स्वीकार किया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने पहाड़ी कोरवा श्रीमती भूखना के पीएम जनमन आवास योजनान्तर्गत बने आवास का भी अवलोकन किया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी सरपंच एवं पंचों का किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नरहरपुर, 22 मई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य एवं सरपंचों पंचों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन नगरपंचायत के सांस्कृतिक भवन में सरपंच सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया जिसमें उपस्थित जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य इव सरपंचों को पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार राजेश तिवारी विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने स समान फूल माला गमछा पहनाकर स्वागत कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वागत किया गया इस कार्य क्रम समारोह में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य संजना वट्टी बादल से जनपद सदस्य नेताम नवनिर्वाचित सरपंच जिसमें अजय कुमार ठाकुर खम्मन सिंह कांगे नरेश्वरी नेताम पियर बत्ती शिमला मरकाम मीना कुंजाम कंश राम नेताम पुष्पा कोर्राम सहस्त्रार्जुन वट्टी बिसाखा उइके गिरजा नेताम महेश्वर राजेंद्र मरकाम देव बत्ती वट्टी भगवती बाई आदि सरपंच सम्मान समारोह में शामिल हुए सम्मान समारोह में कांग्रेस कमेटी के जिला ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी जिसमें मांडवी दीक्षित सुभद्रा सलाम सरजू शोरी मीना मंडावी रोहिदास शोरी संजू लता नेताम हलाल नेताम मोती साहू कासिम खान टकेशवर सिन्हा रोमन लाल सोन बेर फागेश्वरी सिन्हा दिनेश कुमार पटेल योगेश कुमार राजपूत देवली गावड़े संतराम मरकाम चिमन मरकाम रविकुंजाम कमलेश कुमार कोमरा महेश साहू कमल ध्रुवा शिवनारायण कुलदीप अजय कुमार नेताम नीलू कली हारी मनीराम सिन्हा सुरेश कुमार नाग गंगाराम कोड़ोपी पीला राम नेताम कुमार मंडावी गीता बेसरा गोदावरी विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज का किया निरीक्षण

- 16 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज का निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 मई।** जिले में निर्माण एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज सुबह राजनांदगांव शहर में गौरी नगर एवं चिखली में लगभग 16 करोड़ रूपए की लागत से निर्माणाधीन रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सब इंजीनियर ने बताया कि बारिश के बाद एक माह में अंडरब्रिज का कार्य पूर्ण हो जाएगा। कलेक्टर ने मोतीपुर में अंडरब्रिज के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क निर्माण का भी अवलोकन किया और सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री यूके रामटेके, सब इंजीनियर रेलवे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आतंकवाद विरोध की ली शपथ

- कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर की श्रद्धांजलि अर्पित की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 22 मई।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री व आधुनिक भारत के निर्माता व स्व.राजीव गांधी के 34वीं पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर बुधवार 21 मई को कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी के पुण्यतिथि, बलिदान दिवस पर संगोष्ठी सभा के माध्यम से देश के प्रति किए गए अनुकरणीय कार्यों पर प्रकाश डाला व आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर बुधवार 21 मई को स्थानीय कांग्रेस भवन में आधुनिक भारत के निर्माता व भारत रत्न स्व.राजीव गांधी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की और राजीव गांधी जी अमर रहे के नारे लगाए।

संगोष्ठी सभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे एवं संचार क्रांति के जनक थे। आज हम बैठे-बैठे दूर किसी से बात कर सकते है तो उनका श्रेय राजीव गांधी जी को जाता है। टेलीविजन, कम्प्यूटर, टेलीफोन, लैपटॉप जैसे अनगिनत संचार क्रांति के माध्यम से देश के युवाओं को एक नई दिशा दी। श्री गांधी देश में सत्ता के विकेन्द्रीयकरण के पक्षधर थे और पंचायतीराज को देश में लागू करने का श्रेय उन्हें जाता है। उनकी आधुनिक सोच के चलते भारत देश ने काफी प्रगति की और स्व.राजीव गांधी जी के बलिदान को कभी देश भूला नहीं पाएंगा।

## उमरवाही समाधान शिविर में 1748 आवेदनों का निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव, 22 मई।** जनपद पंचायत छुरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरवाही में 21 मई को सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 के मध्य प्राप्त विभिन्न विभागीय मांगों एवं शिकायतों का तत्काल, प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना था। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन, पीएचई, परिवहन समेत कुल 25 विभागों ने भागीदारी की। इन विभागों को कुल 1759 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1748 मांगों एवं 11 शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण किया गया, जो इस शिविर की बड़ी उपलब्धि रही। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों ने प्रत्येक समस्या व मांग का निवारण शिविर स्थल पर ही ग्रामीणों की उपस्थिति में किया और सभी निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रही।

ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और समाधान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए गए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग से ड्राइविंग लाइसेंस, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, मछली पालन विभाग से मछली जाल, कृषि विभाग से बीज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र तथा दिव्यांग हितग्राहियों को ई-ट्राइसाइकल वितरित की गई।

## आठवीं पास युवा लेंगे सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण

**धमतरी 22 मई।** जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोडने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। धमतरी जिले के आठवीं पास युवाओं को सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 27 मई तक आवेदन जमा किया जा सकता है। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि 18 से 45 साल तक की आयु के, न्यूनतम 5 फीट 6 इंच ऊंचाई वाले युवकों के लिए लाईवलीहुड कॉलेज में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# नालंदा परिसर आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सौगात:डॉ. रमन

- विधानसभा अध्यक्ष ने नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान आज ऊर्जा पार्क में नगर विकास के अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज लगभग 30 लाख रूपए लागत के पुष्पवाटिका में निर्मित फिश एक्केरियम का लोकार्पण किया। इसके साथ लगभग 12 करोड़ रूपए लागत के नालंदा परिसर तथा लगभग 12 करोड़ रूपए की लागत से मूलभूत सुविधा के तहत रोड, नाली, सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान, प्रवेश द्वार, शेड निर्माण सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विकास के नये आयाम और नई दरवाजे खुल रहे हैं। नई पीढ़ी के निर्माण के लिए नालंदा परिसर बड़ा कारगर सेंटर बनेंगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नालंदा परिसर जब किसी शहर में आ जाए तो हजारों युवकों में परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के विकास के बड़े कार्यों में मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम के साथ अब नालंदा परिसर जुड़ जाएगा। नालंदा परिसर बनने से युवा पीढ़ी के निर्माण का कार्य होगा। नालंदा परिसर 24 घंटे खुला रहेगा। यहां हजारों बच्चे रजिस्ट्रेशन कराएंगे। इस नालंदा परिसर से हजारों बच्चे सीजीपीएससी, यूपीएससी, पुलिस, शिक्षक, आईआरएस जैसी विभिन्न भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इस नालंदा परिसर में इंटरनेट से कनेक्ट 50 कम्प्यूटर और लैपटॉप रहेंगे और दुनिया की सारी जानकारी यहां से ले सकेंगे। यह रायपुर के नालंदा परिसर जैसे होगा। वहां के हजारों बच्चे अलग-अलग परीक्षाओं में पास हो चुके है। आने वाली पीढ़ियों के लिए नालंदा परिसर बहुत महत्वपूर्ण सौगात होगी। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि नालंदा परिसर राजनांदगांव के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर छत्तीसगढ़ के कुछ ही जगहों पर है। उन्होंने कहा कि 500 बच्चे एक साथ बैठकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि दंतेवाड़ा और रायपुर के तर्ज पर छात्र-छात्राओं को नालंदा परिसर की सौगात मिलेगी। यह परिसर 24 घंटे चलने वाला परिसर होगा। इसमें 500 बच्चे अध्ययन कर सकेंगे। सीजीपीएससी, यूपीएससी, व्यापम और बहुत सारे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि लगभग 25 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में लगभग 12 करोड़ रूपए की लागत से नालंदा परिसर बनेगा।



समाचार संक्षेप

### कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हर्षिता बघेल का बड़ी धूमधाम से जन्मदिन मनाया



**डोंगरगढ़, 22 मई।** नगर व ग्रामीण कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से डोंगरगढ़ की विधायकमती हर्षिता स्वामी बघेल का जन्मदिन मनाया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं सहित बम्लेश्वरी के दरबार में विधायक ने पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की कुशलता की कामना कर शुभारंभ किया। डोंगरगढ़,बछेराभांठा,अछोली, ढारा, वा मोहरा में केक काटकर कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष शहनवाज खान, संध्या देशपांडे,शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज चौहान,ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा,जिला संयुक्त महामंत्री चुमन दास साहू,जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन, नलिनी मेश्राम,जितेंद्र सिंह भाटिया,रिंकू यादव, लता साहू, रेखा मेश्राम,ग्रामीण सेक्टर प्रभारी योधन साहू,शामशाय टंडेकर,लाला वर्मा,सरपंच नंदकुमार साहू,आरती वर्मा, करुणा ठाकुर,अनिल वर्मा,नर्सिग वर्मा,पंचराम चंदेल,जगदेव साहू,गुरु साहू,मूलचंद साहू, लिखन कुंजाम,कीर्तन मंडावी,गोकुल वर्मा,मोहन वर्मा,गौतम वर्मा, सविता वैद,रंजित भारती,पिंटू वर्मा, जितेंद्र गुप्ता, बबला साहू,सुरेश गोस्वामी,रमन साहू ,अमन उजवने, पंचगण मुन्ना यादव, पारस साहू,बबलू साहू,भागचंद वर्मा,खेमचंद सहारे,भवर सिंग ,श्रीमति खिलेश्वरी साहू,जीना सांडेकर,मति ज्योति नेताम, सूर्या मानिकपुरी,मति वंदना उइके,पूर्णिमा साहू, खुशबू साहू एवम बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### रेल सुविधाओं के विकास के लिए डोंगरगढ़ विकास मंच सौंपेगा ज्ञापन

**डोंगरगढ़, 22 मई।** मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज तथा लोकल ट्रेनों को पुनः प्रारंभ किए जाने हेतु डोंगरगढ़ विकास मंच सांसद संतोष पांडेय को ज्ञापन सौंपेगा। डोंगरगढ़ विकास मंच के सचिव केके वर्मा ने बताया कि डोंगरगढ़ मे रेलवे स्टेशन का विकास तो भली भांति केंद्र सरकार ने सांसद संतोष पांडेय की मांग पर उचित ढंग से कराया है किंतु मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज में कमी तथा लोकल ट्रेनों का संचालन बंद होने से यात्रियों की संख्या में काफी कमी आई है जिसे लेकर विकास मंच ने नागरिकों के साथ मिलकर ज्ञापन तैयार किया है सांसद महोदय से चर्चा कर डोंगरगढ़ में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग यहां के नागरिक करेंगे। वर्मा ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से ट्रेनों के विस्तार की मांग रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ में जितनी रेल सुविधा प्रदान की गई है उस अनुपात में ट्रेनों की सुविधा नगण्य है सुविधाओं का उपभोग व उपयोग करने हेतु यात्री संख्या में बढ़ोतरी आवश्यक है और यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी ट्रेनों की संख्या बढ़ने से हो पाएगी खासकर पैसेंजर एवं लोकल ट्रेन जरूरी है। यह रेलवे स्टेशन रेलवे एवं राज्य सरकार दोनों के अभिलेख में टूरिस्ट प्लेस के रूप में दर्ज है। यहां यात्रियों को रेल सुविधा अधिक मिल सके इस हेतु डोंगरगढ़ विकास मंच के सुझाव ट्रेनों का विस्तार जिसमें रायपुर कोरबा रायपुर हंसदेव एक्सप्रेस चार दिन तथा 618251/182528 तीन दिन का डोंगरगढ़ तक विस्तार हेतु आपके द्वारा माननीय रेल मंत्री एवं महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को जून 2020 में पत्र भी लिखा जा चुका है।

### लाल बहादुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का शीघ्र होगा लोकार्पण

**डोंगरगढ़, 22 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के राजनांदगांव प्रवास पर नवीन नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के अध्यक्ष देवेन्द्र साहु सहित लाल बहादुर नगर के ग्रामीणों ने सौजन्य भेंट कर लाल बहादुर नगर में शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति प्रदान कराने की माँग की गई जिस पर साय ने नवीन नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुविधा शीघ्र प्रारंभ कर आम लोगों के लिए बेहतर सरकारी स्वास्थ्य सुविधा देनें का वादा किया गया. आपको बता दें कि लाल बहादुर नगर को वर्तमान में नगर पंचायत और तहसील का दर्जा प्राप्त हुआ है और यहां वनांचल क्षेत्र के लगभग 50 से 60 गांव के लोग आते हैं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने और बड़े डाक्टर और स्टाफ नहीं होने से क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासी राजनांदगांव के शासकीय एवं निजी अस्पतालों को जाने को मजबुर है। जिनकी समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने आगामी दिनों में लाल बहादुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का आश्वासन दिया है। इससे पहले नगर पंचायत अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय भाजपा नेताओं के साथ स्वास्थ्य मंत्री से भी मुलाकात करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृति की मांग कर चुके हैं। वही नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु ने कहा कि यह भाजपा का सरकार है केन्द्र में मोदी जी और राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में देश और राज्य लगातार विकास की ओर अग्रसर है।

### नशे में वाहन चालने वालों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट की तहत की गई कार्रवाई

**डोंगरगढ़, 22 मई।** धर्मनगरी के कई वार्डो में पुलिसिया संरक्षण में सभी प्रकार के नशे के कारोबार फल फुल रहे है और उन असली करोबारियों को पकड़ने के बजाए थाना डोंगरगढ़ पुलिस टीम के द्वारा शहर एवं गांव मे होने वाले असामाजिक तत्वो एवं बदमाशो तथा गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, चाकू बाजी करने वालों की तलाश में दारू भट्टी से दो चार पौव्वा लाकर पीने वाले सरकार द्वारा बिक्री की जा रही शराब लेने वाले मदिरा प्रेमियों को थाना लाकर पुछताछ किया जा रहा है जिससे डोंगरगढ़ व ग्रामीण इलाकों के आम लोग पुलिस की इस कार्यप्रणाली पर संदेह जताते हुए विरोध कर रहे है जिसकी चर्चा ग्रामीण व नगरवासी खुलेआम कर इन आपराधिक गतिविधियों के संरक्षण में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी व उनके स्टाफ की भूमिका की चर्चा की जा रही है जो पुलिस के आलाधिकारियों के लिए गंभीर विषय है. वहीँ पुलिस द्वारा संदेहियो का डोजियार तैयार कर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा एवं थाना स्टाफ द्वारा रात्रि मे नशे के हालत मे वाहन चलाने वाले, अनावश्यक तीन सवारी घूमते पाए जाने पर - यातायात नियमो का उलंघन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही लगातार की जा रही है एवं दिगर राज्य से आये मुसफिरों को पुछताछ कर फिंगर प्रिंट लिया जा रहा है डोंगरगढ़ शहर में लगातार पेट्रोलिग एवं गस्त किया जा रहा है।



### सीसीटीएनएस का 1 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**राजनांदगांव, 22 मई।** रेंज स्तर पर 01 दिवसीय नवीन कानून के तहत अपराध विवेचना में सहयोग हेतु विडियोग्राफी/ फोटोग्राफी किये जाने हेतु ई-साक्ष्य/ आईओ मितान/ सीसीटीएनएस का प्रशिक्षण पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनादगांव के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागृह में संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण में रेंज के चारों जिला राजनादगांव, कबीरधाम, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई के 50 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, मानपुर-मोहला-अं0चौकी पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकमती गीता वाधवानी, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एस.डी.ओपी. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एस.डी.ओपी. डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डी.एस.पी. अजाकमती तुनुप्रिया ठाकुर उपस्थित थे।

## संपादकीय

# विपक्ष का ऐसा सदुपयोग होना चाहिए

सोशल मीडिया का जमाना है, इस दौर में लोगों तक सही सूचना पहुंचाना जरूरी है, यह भी एक तरह का युध्द है। इसमें भी हार जीत होती है।सोशल मीडिया के दौर में जो भी पहले ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अपनी बात पहुंचाता है वह इस लड़ाई मे जीत जाता है। सूचना ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचती है तो उससे ज्यादा से ज्यादा लोगों में वही धारणा बनती है, जो सूचना पहुंचाने वाला बनाना चाहता है, अगर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक फेक न्यूज पहुंच गई तो लोग इसी पर भरोसा कर उसे ही सही मान लेते और सही खबर को झूठी मान लेते हैं। इसलिए आज के दौर में सही न्यूज क्या है, इसी के साथ फेक न्यूज क्या है, यह बताना जरूरी हो गया है। भारत का आपरेशन सिंदूर सफल रहा है। पाकिस्तान में आतंकियों को नौ ठिकानों को नष्ट किया गया है और सौ से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। इसके बाद हुई सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान के ११ एयरबेस को बहुत नुकसान पहुंचाया गया। भारत की तरफ से चलाए गए सारे मिसाइल सही निशाने पर जा कर लगे और पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई में बहुत नुकसान हुआ है, इसके सबूत दिखाए गए। पूरी दुनिया ने माना लेकिन पाकिस्तान ने सोशल मीडिया व संसद का उपयोग पाकिस्तान की जनता के बीच यह झूठ फैलाने में लगी रही कि भारत पाकिस्तान के बीच हुए युध्द में पाकिस्तान की जीत हुई है।पाकिस्तान ने भारत के कई विमान मार गिराए, बच्चों का वीडियो गेम वायरल कर साबित करने की कोशिश की गई। पाकिस्तान के मंत्री प्रधानमंत्री ने अपनी संसद में झूठ कहा८० भारतीय विमानों ने हमला किया था,पाकिस्तानी सेना ने तत्काल जवाब दिया। भारत ने इस बार अपनी सफलता को बताने के लिए सबूत भी जुटाए थे इसलिए पाकिस्तान की फेक न्यूज वार ज्यादा दिन नहीं चला और कुछ दिन में ही यह साफ हो गया कि पाकिस्तान झूठ बोल रहा है। पाकिस्तान के इस झूठ के प्रचार को देखते हुए भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को लगा कि पाकिस्तान ने सात मई के बाद जिस तरङ झूठ का प्रचार किया है,उसकी पोल खोलने के लिए जरूरी है कि सोशल मीडिया के साथ ही भारत के प्रतिनिधिमंडल कई देशों में जाकर बताए कि पहलगाम आतंकी हमला,आपरेशन सिंदूर, भारत की पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई की हकीकत क्या है। पीएम मोदी तो खुद पिछले दस सालों को आतंकवाद को दुनिया के लिए खतरा बताते रहे हैं और पाकिस्तान की हकीकत बताते रहे हैं। पीएम मोदी ने अप्रैल व मई में कई देशों के नेताओं से बात की है और उनको आपरेशन सिंदूर की हकीकत के बार में बताया है.। पीएम मोदी आतंकवाद के खिलाफ खुद को हमेशा सक्रिय रहे है। आपरेशन सिंदूर के बाद उनको लगा कि कई देशों में जाकर बताना जरूरी है कि भारत को आपरेशन सिंदूर क्यों चलाना पड़ा। उसकी सच्चाई क्या है। इसके लिए पीएम मोदी ने देश के ५९ सासंदों के सात प्रतिनिधिमंडल बनाए है । यह सातों प्रतिनिधिमंडल ३३ देशों की राजधानियों में जाएंगे।यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा कूटनीतिक अभियान है।५९ सांसदों व ८पूर्व राजनयिको को पांच बड़े संदेश कम से कम ३३ देशों के लोगों तक पहुंचाना है। यह पांच बड़े संदेश हैं,आतंकवाद पर भारत की नीति जीरो टालरेंस की है।आपरेशन सिंदूर आतंकवादी संगठनों और उनके ढाचों के खिलाफ था, पाकिस्तान में ९ आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया गया। आपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने साफ कर दिया था कि यह आपरेशन आतंकियों के खिलाफ था.पाक सेना इसे खुद पर हमला माना और उसने भारत पर हमला किया। दूसरा बड़ा संदेश दुनिया को यह देना है कि पाकिस्तान आतंकवाद व आतंकियों का समर्थक है। यह बताने के लिए सांसद सबूत लेकर जाएंगे जिससे साबित किया जा सके कि पाकिस्तान में आतंकवादी है, उनके ठिकाने है, सरकार उनको हर तरह की सुविधा देती है उनके मारे जाने पर सेना के अफसर जनाजे में पहुंचते हैं। पहलगाम हमले में पाक समर्थित टीआरएफ की भूमिका थी। तीसरा बड़ा संदेश यह दिया जाएगा कि भारत ने सैन्य कार्रवाई में भी जिम्मेदारी व संयम का परिचय दिया है।यह सुनिश्चित किया उसकी सैन्य कार्रवाई में निर्दोष नागरिक की जान न जाए। पाकिस्तान ने जब सैन्य कार्रवाई रोकने का आग्रह किया तो भारत ने तत्परता से स्वीकार किया। चौथा संदेश दुनिया के देशों को यह देना है कि आतंकवाद विश्व मानवता व शांति के लिए खतरा है, इसे खत्म करने के लिए सभी देशों का एकजुट होक आवाज उठाना जरूरी है।आतंकवादी पीड़ित देशों का सहयोग व समर्थन करना जरूरी है। भारत की सैन्य कार्रवाई को पाकिस्तान युध्द बता रहा है इस कार्रवाई को आंतकवाद के खिलाफ कार्रवाई के तौर पर देखा जाए। पांचवा बड़ा संदेश यह देना है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत की नीति अब पूरी तरह बदल गई है।सात मई के बाद से पाकिस्तान की तरफ से सीमापार से कोई भी खतरा पैदा क्यिा गया,कोई आतंकवादी हमला किया गया तो वह एक्ट आफ वार माना जाएगा और भारत पहले की तरह उदासीन नहीं रहेगा,वह प्रो एक्टिव रवैया अपनाएगा और हमला करने वालो आतंकियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा। पीएम मोदी का ३३ देशों को पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए प्र्तिनिधिमंडल भेजना एक तरह से मास्टरस्ट्रोक है। देश के इतिहास में पीएम मोदी ही पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने विपक्ष का सदुपयोग देश हित में किया है। विपक्ष का उपयोग कूटनीतिक अभियान के लिए किया है। इससे विपक्ष के जो नेता अबतक क्षेत्रीय नेता माने जाते थे, उनकी छबि भी कूटनीतिक अभियान में शामिल होकर देश हित में विदेश जाने से राष्ट्रीय नेता की बनेगी। क्षेत्रीय नेताओं का उपयोग क्षेत्रीय दल के नेताओं के द्वारा अब केंद्र सरकार विरोधी के तौर पर किए जाने के कारण उनकी छबि क्षेत्रीय नेता की बनी रहती थी, वह ऱाष्ट्रहित के मुद्दे पर न कुछ अच्छा सोच पाते थे, न कुछ अच्छा क पाते थे.इसलिए राष्ट्रीय राजनीति में उनका कद राष्ट्रीय नेताओ के कम रह जाता था।अब तक विपक्ष का काम केंद्र सरकार के हर काम का विरोध करने का रहा है।पीएम मोदी ने पहली बार उनको देश के लिए काम करने को कहा है। ऐसा काम बरसों में एक बार करने को मिलता है इसलिए सब नेता इस काम को खुशी खुशी कर रहे हैं। इस काम से कोई खुश नहीं है तो वह राहुल गांधी व कांग्रेस के कुछ नेता। विपक्ष के बहुत से नेता देश के लिए काम करने २३ मई को निकलेंगे। इसकाम को कांग्रेस नेता जयराम रमेश देश का ध्यान बंटाने वाला काम बता रहे है, राहुल गांधी पाकिस्तान की बात पर भरोसा कर यही सवाल पूछ रहे हैं कि देश के कितने विमानो का नुकसान हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को भारत की आंतकवाद के खिलाफ कार्रवाई छिटपुट युध्द लगती है।

**महामारी**

# कोरोना वायरस के प्रकोप की भारत सहित विश्व में फिर से आहट

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश अभी तक कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी को भूल नहीं पाए है, या यूं कहें कि संभल नहीं पाए हैं,इस बीच कोरोना महामारी के अनेक वेरिएंट आ चुके हैं,लेकिन अभी मई माह में जो फिर से कोरोना वायरस की आहट हुई है यह कोविड -19 तुल्य है,ऐसी जानकारी मीडिया में आ रही है हालांकि इसका अधिक प्रकोप अभी खासकर हांगकांग सिंगापुर थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है क्योंकि संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में भी 19 मई 2025 तक 257 केस आ चुके हैं, जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरहसे अलर्ट मोड में आ गए हैं,हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस आहट को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं,सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता ज़रूरी है,देश की स्वास्थ्य व्यवस्थाकिसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है, परंतु इस बीच दिनांक 20-21मई 2025 की मध्यरात्रि में जिनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व स्वास्थ्य सभा 19, से 27 मई 2025 के 78 वें सत्र में सभा के सभी सदस्यों की आपसी 3 वर्षों की बातचीत के उपरांत भविष्य की महामारी में मिलकर तैयारी करने का समझौता हो गया है, जो रेखांकित करने वाली बात है मेरा मानना है कि अब पूरी दुनियाँ की कोई भी महामारी आ जाए तो अगर पूरा विश्व एक साथ एक दूसरे का सहयोग कर उसका मुकाबला करेगा तो वह कोविड-19 जैसी किसी भी महामारी का गंभीरता से मुकाबला करेगा तो उस महामारी को मैदान छोड़कर भागना ही पड़ेगा यह होता है एक और एक 11 की ताकत का सटीक कमाल! चूँकि कोरोना महामारी कोविड -19 के प्रभाव की आहट फिर भारत सहित कुछ देशों में हो चुकी है, व तीव्रता से संक्रमण शुरू हो गया है तथा विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में भविष्य की महामारियों से एक जुट से लड़ने का ऐतिहासिक समझौता अब हो चुका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर मास्क सैनिटाइजर की फिर आदत फ़िर डालना,भीड़भाड़ वाली जगह व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए जरूरी है। साथियों बात अगर हम कोविड -19 महामारी के भारत में पैर पसारने की करें तो,हालांकि भारत में अभी मामलों की संख्या कम है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो ट्रेंड दिख रहा है, वह चिंताजनक है। अगर सही समय पर कदम नहीं उठाए गए, तो भारत भी इस नई लहर की चपेट में आ सकता है, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में टीकाकरण का प्रभाव अब कम होने लगा है, बूस्टर डोज की जरूरत एक बार फिर बढ़ गई है, लेकिन लोग इसमें ढिलाई बरत रहे हैं।विशेषज्ञों का कहना है बच्चों बुजुर्गों, 65 साल से ऊपर के लोगों, और जिनकी इम्युनिटी पहले से कमजोर है, उन्हें यह संक्रमण तेजी से पकड़ सकता है,साथ ही मौसमी बदलाव, सामाजिक मेल जोल और अंतरराष्ट्रीय यात्रा भी इसके प्रसार को बढ़ावा दे रहे हैं अभी हुई बैठक में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, इमरजेंसी मेडिकल रिलीफ डिवीजन, डिजास्टर मैनेजमेंट सेल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ मौजूद थे आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह निष्कर्ष निकाला गया न कि भारत में कोविड-19 स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। सूत्र ने बताया,19 मई 2025 तक भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 257 है। देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत आंकड़ा कम है। भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएम आर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता ज़रूरी है, देश की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है।अगर फ्लू जैसे लक्षण हों तो टेस्ट कराएं, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए,मास्क और सैनिटाइज़र की आदत फिर से डालें, खासकर भीड़भाड़ वाली जगहों पर,किसी भी अफवाह या डर का शिकार न बनें, लेकिन सतर्क जरूर रहें। साथियों बात अगर हम सिंगापुर हांगकांग थाईलैंड में कोरोना वायरस (कोविड-19) के अति तीव्रता से संक्रमण की करें तो, कोरोना वायरस एक बार फिर डराने लगा है, ऐसा लग रहा है कि कुछ समय की राहत के बाद वायरस फिर से पैर पसारने लगा है, एशिया के कई देशों मेंकोविड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, खासकर हांगकांग, सिंगापुर और थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है. इन देशों में संक्रमितों की संख्या में तेज़ इज़ाफा हुआ है और अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या भी बढ़ रही है. भारत में भी नए मामलों को लेकर चिंता गहराने लगी है. विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अभी से सतर्कता नहीं बरती गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है सिंगापुर में कोविड-19 के मामलों 28 परसेंट की वृद्धि दर्ज की गई है, हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सरकार ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है यहां कोविड -19 के कुल अनुमानित केस 14,200 तक पहुंच गए हैं,इससे ज्यादा गंभीर बात यह है कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी लगभग 30 परसेंट का इज़ाफा हुआ।5 मई से 11 मई के बीच सिंगापुर में 25,900 नए केस सामने आए, इसी अवधि में अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की औसत दैनिक संख्या 181 से बढ़कर 250 हो गई है. विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले 2 से 4 हफ्तों में यह लहर अपने चरम पर पहुंच सकती है। हांगकांग में कोविड-19 संक्रमण की नई लहर शुरू हो चुकी है, यहां स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अब तक 81 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से 30 लोगों की मौत हो चुकी।साथियों बात अगर हम डब्लूएचओ के विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में समझौतों की करें तो,विश्व स्वास्थ्य सभा ने भविष्य की महामारियों के लिए तैयार रहनें के लिए ऐतिहासिक समझौता अपनाया,विश्व का पहला महामारी समझौता मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य सभा के सदस्य देशों द्वारा औपचारिक रूप से अपनाया गया, जो वर्तमान में जिनेवा में चल रहा है,ठन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था 78 वें विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह ऐतिहासिक निर्णय कोविड-19 महामारी के विनाशकारी प्रभाव के जवाब में सरकारों द्वारा तीन साल से अधिक समय तक की गई बातचीत के बाद आया है, और इसका उद्देश्य "भविष्य की महामारियों से दुनिया को सुरक्षित बनाना और उनके जवाब में अधिक न्यायसंगत बनाना है, ऐसा डब्ल्यूएचओ ने कहा। यह महत्वपूर्ण समझौता ऐसे समय में हुआ है जब सिंगापुर और हांगकांग सहित अन्य देशों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि की खबरें आ रही हैं।

साथियों बात अगर हम माननीय भारतीय पीएम द्वारा 20 जून 2025 को इस 78 वें सत्र को संबोधन की करें तो, इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के लिए एक विश्व के मुद्दे पर बात की। पीएम ने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के मूल में है।पीएम नें कहा कि स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए तकनीक एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक साबित हो सकता है।



## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। आपने यदि किसी से कोई वादा किया है, तो उसे आप समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपनी मेहनत जारी रखनी होंगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके मान व सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है। बिजनेस को लेकर आप कुछ नए लोगों से मिलेंगे, जो आपके लिए बेहतर लाभ देंगे।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। नए कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी कानूनी मामले में लापरवाही नहीं करनी है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी कदम उठाएंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा और आपके आसपास में यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें शांत रहें, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने जरूरी कामों को लेकर सूची बनाकर चलना बेहतर रहेगा। किसी जमीन-जायदाद की खरीदारी करने की आप योजना बना सकते हैं। व्यवसाय के कामों को लेकर आप सूझबूझ दिखाकर निर्णय लेंगे, तो ही आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको अपने कामों को धैर्य और साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आपको अपने कामों को उत्साहित होकर निपटाने की आवश्यकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए साझेदारी में कोई काम करना अच्छा रहेगा। निजी जीवन में खुशहाली आएगी। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। कारोबार में आपका कोई लक्ष्य पूरा होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। आप अपने आवश्यक कामों में लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं और आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने कारोबार में सर्तकता बढ़ाएं। आपका कोई पुराना रोग उभरने से आपका मन परेशान रहेगा। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें, नहीं तो इसमें आपका अच्छा खासा धन खर्च होगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है। यदि आपने किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपका नुकसान करा सकता है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपकी कार्य क्षमता में भी वृद्धि होगी। आप अपने कामों में सोच-समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको कार्यक्षेत्र में छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। आप अपने सपनों को अनदेखा न करें, जो विद्यार्थी विदेश जाने की शिक्षा ग्रहण शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हे किसी संस्था से जुड़ने का मौका मिलेगा। आपका डूबा हुआ धन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी तो वह भी दूर होगी। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाकर रखें। जिम्मेदारी से काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी तरक्की की राह मे आ रही बाधाएं भी दूर होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। परिवार के सभी सदस्य भी व्यस्त रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आज आप काफी खुश रहेंगे। आप संतान को कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। परिजनों का कामों में आप पूरा साथ देंगे। आपको अपने बॉस से रिश्तों को बेहतर रखने की कोशिश करनी होगी। विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आपको अपनी संतान की संगति पर भी विशेष ध्यान देना होगा। आपको कोई निर्णय थोड़ा सोच समझकर लेने की आवश्यकता है। आपके व्यक्तिगत प्रयास इस महीने काफी बेहतर रहेंगे।

**मीन** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और आपके कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आपका बिजनेस भी काफी बेहतर चलेगा। आप दोस्तों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी से काम को लेकर यदि कोई सलाह लेंगे, तो वह आपके खूब काम आएगी, लेकिन आप जल्दबाजी दिखाने से बचें।

# नाम छपवाओ, दुख बढ़ाओ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

कभी-कभी लगता है कि आदमी को सबसे ज्यादा तकलीफ़ अपने नाम से होती है। मतलब, नाम तो रख देते हैं—गोपाल, श्यामलाल, महावीर—but नाम को अखबारों में छपवाना हो तो फिर गोपाल 'कवि गोपालानंद', श्यामलाल 'डॉ. श्याम रसिक', और महावीर 'महाकवि महावीराचार्य' बन जाते हैं। जैसे नाम में कोई वजन तभी आता है जब वो प्रेस में प्रेस हो जाए। अब गांव के एक मास्साब थे—सीधे-सादे। अचानक एक दिन देखा तो "प्रादेशिक काव्य संगोष्ठी के मुख्य अतिथि" बन बैठे। मैंने पूछा—"मास्साब! आपने कब से कविता लिखनी शुरू की?" बोले—"बेटा, लिखना तो अब तक नहीं आया, पर छपना शुरू हो गया है।" कहते हैं कि दुख बांटने से कम होता है, लेकिन नाम छपवाने की बीमारी बांटने से बढ़ती है। एक बार 'स्वर्गीय प्रेमशंकर जी' की तेरहवीं थी। भोज में खाना नहीं, कविता परोसी जा रही थी। "स्मृति शेषः कवि सम्मेलन" हो रहा था। मंच पर कवि कम, चाटुकार ज्यादा बैठे थे। जैसे कोई अचार के मर्तबान में कलम डुबोकर आया हो और बोला हो—"शाम सुहानी, चाय पानी, नेता जी आपके गुण गाए बानी!" श्रोताओं को लगा कि ये श्रद्धांजलि है या "कॉर्पोरेट ईवेंट"! कहते हैं कि आदमी को रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत होती है। लेकिन कुछ को सिर्फ "कविता, छपाई और पहचान" की भूख होती है। मेरे मोहल्ले का ताऊ रामअवतार एक दिन बोला—"बेटा, ये देखो मेरी कविता! 'गांव की गलियों में गूंजेगा मेरा नाम!'" मैंने देखा, पेज पर "शेरः रमेश कुमार, तहसीलदार" लिखा था। मैंने पूछा—"ताऊ, रमेश कुमार कौन?" बोले—"अरे वही जिसने हमारी दुकान सील की थी, अब उसका नाम अपनी कविता में छापूंगा... बदला इसी से लूंगा!" अब समझो—कविता नहीं, ये भावनात्मक बदला था! एक बार नगर निगम ने 'साहित्य पुरस्कार' की घोषणा की। पुरस्कार में था- "स्टील का गिलास, एक नारियल और एक स्मृति पत्र।" सुनते ही मोहल्ले का 'मुंहफट बाबू' बोला—"भाई साहब, अब तो गिलास के लिए भी लोग छपेंगे!" अगले ही दिन वह खुद 'गद्य कवि सम्मेलन' में दिखा—मंच पर खड़ा, और हाथ में वो ही गिलास! बोला—"ये सिर्फ गिलास नहीं, मेरे जीवन की कविता है!" मैंने सोचा—काश वो गिलास टूट जाता, पर उसकी आत्मा न टूटती। वो दौर गया जब शौकिया लिखने वाले घर के कोने में चुपचाप डायरी रखते थे। अब हर तीसरे शख्स के पास प्रिंटेड बायोडाटा, फेसबुक पेज और 'कविता संग्रह' के लिए फंडिंग अपील है। एक दिन मोहल्ले की 'गुड्डी भाभी' बोलीं—"भैया जी, अब तो कविता सुनिए—'रात की चांदनी, नेता जी की सादगी...'" मैंने कहा—"भाभी, कविता में चांदनी की बात ठीक है, लेकिन नेता जी की सादगी...? थोड़ा ज्यादा नहीं हो गया?" भाभी मुस्काईं—"नेता जी ने ही छपवाने का कहा है!" कभी-कभी लगता है कि कविता लिखना नहीं, 'सामाजिक स्टंट' हो गया है। कोई जज है, कोई एसडीएम, कोई डॉक्टर, सबको अखबार में 'डॉ. कवि', 'आईएएस शायर', 'न्यायमूर्ति गीतकार' बनना है। एक बार एक आईएएस अफसर अपनी कविता लेकर मेरे पास आया। बोला—"प्लीज़ इसे 'काव्यलोक' पत्रिका में छपवा दो।" मैंने पढ़ा—कविता का शीर्षक थाः "मेरे दर्द का आदेश..." मैंने कहा—"जनाब, आप तो आदेश देना जानते हैं, दर्द की पीड़ा नहीं।" अफसर तमतमा गया, पर मेरी दया आ गई—मैंने वो कविता अपने नाम से छाप दी। अफसर खुश, मैं शर्मिंदा और पाठक भ्रमित! सबसे करुण दृश्य तब होता है जब 'अखबार में छपे नाम' का फूलमालाओं से स्वागत होता है। एक बार जिला मुख्यालय में कवि सम्मेलन था। एक वरिष्ठ कवि मंच पर रोते हुए बोले—"ये कविता मेरी आत्मा है!" दर्शकों में एक बच्चा बोला—"तो आत्मा को घर क्यों नहीं ले जाते?" ठहाके गूंजे, लेकिन वरिष्ठ कवि का चेहरा लटका रहा। सम्मान के बाद फोटो खिंचाई गई—पांच माला, चार शॉल और तीन अखबारों की कटिंग लेकर वो निकले। मैंने सोचा—ये साहित्य नहीं, श्रद्धांजलि समारोह है। अंत की बात सबसे व्यंग्यात्मक है—एक कवि की अंतिम इच्छा थी कि उसके शव के साथ उसके छपे हुए सभी लेख, सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भी जलाए जाएं। परिजन परेशान हो गए—शव को जलाएं या इन कागजों को गिनते जाएं? अंततः कविता के प्रेम में पूरा एक ट्रक जलाया गया। राख उड़कर पास की नदी में गिरी। नदी बोली—"अब ये दुख भी हमारा हुआ?" पाठक चुप थे, धुंआ कह रहा था—"कभी-कभी कविता सिर्फ पंक्तियों में नहीं, पीड़ा में मिलती है।"

# हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शिक्षा का अंतिम संस्कार

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**हरियाणा के 18 सरकारी स्कूलों में 12वीं का रिजल्ट शून्य प्रतिशत रहा, जो राज्य प्रायोजित शैक्षिक विफलता का संकेत है। यह केवल छात्रों की असफलता नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की नाकामी है — जिसमें शिक्षक नहीं, संसाधन नहीं और जवाबदेही भी नहीं। सरकार को पहले से इन स्कूलों की हालत पता थी, फिर भी कोई सुधार नहीं किया गया। यह स्थिति शिक्षा के अधिकार के साथ धोखा है और गरीब छात्रों के सपनों की हत्या है। अब सवाल पूछना जरूरी है — वरना यह ढांचा पूरी पीढ़ी को अंधेरे में धकेल देगा।**

हरियाणा के सरकारी स्कूलों से एक शर्मनाक और विचलित कर देने वाली खबर सामने आई है — 12वीं बोर्ड परीक्षा में राज्य के 18 स्कूलों का परिणाम शून्य प्रतिशत रहा। यानी पूरे स्कूल से एक भी छात्र पास नहीं हुआ। यह घटना महज कुछ छात्रों के फेल होने की बात नहीं है, बल्कि यह पूरे शिक्षा तंत्र की नंगेपन के साथ पोल खोलने वाली स्थिति है। यह सिर्फ रिजल्ट नहीं, एक पीढ़ी के सपनों की सामूहिक हत्या है।

**जब शिक्षा नहीं, तो अधिकार कैसा?**-हमारे संविधान में शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में स्थापित किया गया है। लेकिन जब किसी स्कूल से एक भी छात्र पास नहीं होता, तो यह सवाल उठता है कि क्या यह अधिकार महज़ दिखावा है? क्या हम बच्चों को सिर्फ स्कूल भेजने की खानापूरी कर रहे हैं, या वास्तव में उन्हें ज्ञान देने का प्रयास कर रहे हैं? हरियाणा के इन 18 स्कूलों की हालत देखकर तो यही लगता है कि शिक्षा से अधिक 'प्रबंधन' पर ध्यान है। छात्र आए या न आए, पढ़े या न पढ़े, शिक्षक हों या नहीं — इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, बस आंकड़े सही दिखने चाहिए।

**पहले से सूचीबद्ध "खराब स्कूल", फिर भी कोई सुधार नहीं!**-चौंकाने वाली बात यह है कि ये वही स्कूल हैं जिन्हें सरकार ने पहले से राज्य के 100 सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों की सूची में डाला था। इसका अर्थ है कि शासन-प्रशासन को पहले से इन स्कूलों की बदहाली का पता था। लेकिन कोई शिक्षक नहीं बढ़ाए गए, न प्रयोगशालाएं बनीं, न ही पुस्तकालयों का संचालन सुनिश्चित किया गया। कुछ स्कूलों में तो विज्ञान और गणित के शिक्षक ही नहीं हैं — तो फिर छात्र पास होंगे कैसे?

**सरकारी स्कूल या सज़ा घर?**-जिस विद्यालय में किताबें नहीं, अध्यापक नहीं, वातावरण नहीं — वहां बच्चों को भेजना शिक्षा नहीं, मानसिक शोषण है। आज कई सरकारी स्कूल सिर्फ 'मिड डे मील' वितरण केंद्र बनकर रह गए हैं। क्या यही उद्देश्य था इन विद्यालयों का? शिक्षा के नाम पर सिर्फ खाना और हाजिरी ली जा रही है, बाकी कुछ नहीं।

**फेल छात्र नहीं, फेल सिस्टम है**-इन छात्रों को फेल कहा जा सकता है, लेकिन वास्तव में फेल वह शासनिक व्यवस्था है, जो शिक्षा को प्राथमिकता देने का दावा करती है पर जमीनी स्तर पर कुछ नहीं करती। फेल वह नेतृत्व है, जो चुनावी रैलियों में शिक्षा की बात करता है लेकिन सत्ता में आने के बाद आंखें मूंद लेता है। फेल वह अफसरशाही है, जो AC कमरों से फाइलों में स्कूल चलाती है।

**जब नेताओं के बच्चे विदेश में पढ़ें, तो आम बच्चों का क्या हक?**-हरियाणा के कई बड़े नेताओं और अफसरों के बच्चे विदेश या महंगे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। वे सरकारी स्कूलों की हकीकत जानते हैं, तभी तो अपने बच्चों को वहाँ भेजने का साहस नहीं करते। लेकिन गरीबों के बच्चे जो विकल्पहीन हैं, उन्हें इस बदहाल व्यवस्था के हवाले छोड़ दिया जाता है। यह दोहरा मापदंड किसी लोकतांत्रिक समाज के लिए शर्मनाक है।

**सिर्फ रिजल्ट खराब नहीं, भरोसा टूटा है**-जब छात्र सालभर मेहनत करें, स्कूल जाएं, आशा करें कि वे कुछ बनेंगे — और बदले में उन्हें शिक्षक ही न मिले, पाठ्यक्रम पूरा न हो, तो उनके अंदर निराशा की दीवारें बन जाती हैं। शिक्षा सिर्फ रोजगार का साधन नहीं, आत्म-गौरव और आत्म-निर्भरता की कुंजी होती है। जब पूरा स्कूल फेल होता है, तो उसका अर्थ है कि हमने उन बच्चों का भरोसा तोड़ा है।

**क्या सिर्फ मिड डे मील से चलेगा स्कूल?**-आज कई सरकारी स्कूलों की पहचान सिर्फ मिड डे मील तक सीमित रह गई है। अधिकारी यह सुनिश्चित करने में लगे रहते हैं कि चावल कितना आया, दाल कितनी बंटी। लेकिन यह कोई नहीं देखता कि शिक्षा का क्या हाल है? क्लासरूम में क्या पढ़ाया गया? पाठ्यक्रम पूरा हुआ या नहीं? और सबसे जरूरी — शिक्षक आए भी या नहीं?

**18 स्कूल नहीं, 18 चेतावनियाँ हैं ये**-ये 18 स्कूल एक अलार्म बेल हैं — चेतावनी है कि अगर अब भी हमने सरकारी स्कूलों में सुधार नहीं किया, तो यह आंकड़ा 18 से 180 हो जाएगा। आज हिसार और झज्जर हैं, कल रोहतक, यमुनानगर, भिवानी होंगे। शिक्षा का ये ढांचा धीरे-धीरे खोखला हो रहा है, और हम मूक दर्शक बने हुए हैं।

### समाधान क्या है?

1. स्थायी शिक्षकों की नियुक्तिः अतिथि शिक्षकों के सहारे स्कूल नहीं चलाए जा सकते। योग्य, प्रशिक्षित और स्थायी शिक्षक ही शिक्षा की रीढ़ हैं।
2. स्वतंत्र शैक्षिक ऑडिटः हर जिले में स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए — केवल आधारभूत ढांचे की नहीं, शिक्षण पद्धति और परिणामों की भी।
3. अभिभावक भागीदारीः स्कूलों को स्थानीय समुदाय और अभिभावकों के साथ जोड़ा जाए। जवाबदेही तभी बनेगी जब समाज जुड़ाव महसूस करेगा।
4. राजनीतिक इच्छाशक्तिः नेताओं को सिर्फ भाषण नहीं, एक्शन दिखाना होगा। शिक्षा पर खर्च को वास्तव में प्राथमिकता देनी होगी।
5. डिजिटल डिवाइड पर कामः जहां संसाधन की कमी है, वहां तकनीक से पूर्ति की जा सकती है — लेकिन उसका उपयोग सुनियोजित और प्रशिक्षित तरीके से हो।

### सवाल पूछना ज़रूरी है

आज जब पूरा स्कूल फेल हो रहा है, तब क्या यह सवाल नहीं उठता कि उस स्कूल में शिक्षक क्यों नहीं थे? सरकार ने क्या किया? विभागीय अधिकारी किस बात की तनख्वाह ले रहे हैं?

अगर हम सवाल नहीं पूछेंगे, तो यही सिस्टम कल हमारे बच्चों को भी निगल जाएगा।

### शिक्षा की हत्या पर चुप्पी नहीं चलेगी

हरियाणा जैसे राज्य, जो कृषि, खेल और सैन्य सेवा में अग्रणी हैं, वहाँ शिक्षा की यह हालत एक विडंबना है। अगर हम इस शिक्षा विनाश पर चुप रहेंगे, तो हमारी अगली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी। जब नेता शिक्षा क्रांति की बात करें, तो उन्हें इन 18 स्कूलों का रिपोर्ट कार्ड दिखाना चाहिए। यह शिक्षा का अधिकार नहीं, शिक्षा से धोखा है। यह छात्रों की विफलता नहीं, सिस्टम का अपराध है। अगर अब भी हमने आँखें मूंदी रखीं, तो अगली रिपोर्ट में यह संख्या और भयावह होगी। अब समय है — बोलने का, सवाल पूछने का, जवाब मांगने का।

# अचानक भारी बारिश से पानी घुसा घरों और दुकानों में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 22 मई।** किरंदुल नगर में सोमवार सायं काल अचानक गरज और तेज हवाओं के साथ हुई भारी वर्षा ने नगरवासियों को गंभीर संकट में डाल दिया। पहाड़ी क्षेत्रों से बहकर आया बारिश का पानी निचली बस्तियों में घुस गया, जिससे कई घरों को भारी नुकसान पहुँचा। इस दौरान मटन मार्केट में भी भारी तबाही देखने को मिली। मटन, चिकन और मछली की दुकानों में पानी भर जाने से व्यापारियों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। बारिश की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। पानी के अचानक घरों में घुस आने से छोटे बच्चे, बुजुर्ग और पूरा परिवार दहशत में आ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष भी इसी तरह की स्थिति बनी थी, जिसमें सैकड़ों परिवार बेघर हो गए थे और आज तक उस नुकसान से उबर नहीं पाए हैं। नगरवासी किरंदुल प्रशासन, नगर पालिका एवं एनएमडीसी परियोजना की लापरवाही को इस आपदा के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि इन संस्थाओं को बीते वर्षों की घटनाओं से सबक लेते हुए





समुचित प्रबंध करना चाहिए था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बस्तीवासियों और बाजार के व्यापारियों को हर वर्ष इस तरह की घटनाओं का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है, और प्रशासन अब भी मूकदर्शक बना हुआ है। वार्ड 7 पार्षद गोपीनाथ ने नगर पालिका और एनएमडीसी को बताया जिम्मेदार। किरंदुल नगर में सोमवार सायं काल अचानक गरज और तेज हवाओं के साथ हुई भारी वर्षा ने नगरवासियों को गंभीर संकट में डाल दिया। पहाड़ी क्षेत्रों से आया तेज बहाव का पानी निचली बस्तियों में घुस गया, जिससे दर्जनों घरों और दुकानों को भारी नुकसान पहुँचा। वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद श्री गोपीनाथ ने स्थिति पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वर्तमान हालात के लिए नगर पालिका और एनएमडीसी परियोजना की लापरवाही सीधे तौर पर जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में बारिश और गंदे पानी की निकासी के लिए कोई बड़ी और सुव्यवस्थित नाली व्यवस्था नहीं है। पहले यहाँ सुकुरू कैंप तालाब के पास से होकर एक बड़ी नाली लोडिंग साइड से मटन मार्केट होते हुए बड़ी नाली में मिलती थीं जिससे पानी का निकास आसानी से हो जाता था।

## एक नजर

### संकरी पुलिया से यातायात प्रभावित

**जगदलपुर, 22 मई।** शांति नगर स्थित पुलिया इतनी संकरी है कि यातायात में भारी असुविधा हो रही है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस पुलिया की चौड़ाई बढ़ाई जानी चाहिए या नई पुलिया का निर्माण करना चाहिए। आस-पास में अतिक्रमण भी किया जा रहा है।

### कुरंदी समाधान शिविर में विधायक किरण सिंहदेव हुए शामिल



**जगदलपुर 22 मई।** बुधवार को बस्तर जिले के दो विकासखंड जगदलपुर, बास्तानार के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड जगदलपुर के कुरंदी में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम-हल्बाकचोरा, मंगड़ूकचोरा, शासनकचोरा, आड़ावाल, कुसुमपाल, नकटीसेमरा, मारकेल, सिवनागुड़ा, कुरंदी, बिलौरी, करकापाल, धनियालूर, चिलकुटी, पोड़ागुडा, चितापदर को शामिल किया गया। विकासखण्ड-जगदलपुर के कुरंदी कलस्टर में आयोजित शिविर हेतु 10331 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 10304 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 27 लंबित हैं। सर्वाधिक 6482 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। इसके अलावा बास्तानार विकासखंड के कोड़ेनार में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित ग्राम-कोड़ेनार, कुमापारा, बरछेपाल, तीरथुम, छोटे काकलूर, सिलकझोड़ी, बाटकोटा, मांझीभाटा, टंगियाझोडी, गोरियापाल, छोटे बोदेनार ग्राम पंचायत में शामिल हैं। कोड़ेनार कलस्टर में आयोजित शिविर हेतु 1981आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 1983 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 2 लंबित हैं।

### योजनाओं के क्रियान्वयन सहित सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करें: कमिश्नर



**जगदलपुर, 22 मई।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन कर अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग सकारात्मक प्रयास करें। साथ ही लोक सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रीत करें। इस दिशा में मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति के साथ विभागीय कार्यों को बेहतर ढंग से सम्पादित किया जाए। बस्तर अंचल के अंतर्गत सुरक्षा कैम्पों के समीपस्थ ग्रामों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं सहित पीडीएस व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रयास करें। उक्त निर्देश कमिश्नर ने बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। साथ ही वनाधिकार पट्टों को अभिलेख कक्ष में सुरक्षित रखने सम्बन्धी कार्य में शीघ्र अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर बल देते हुए कहा कि आम जनता से प्राप्त समस्या एवं शिकायतों के निवारण हेतु ध्यान केंद्रित करें। संभाग स्तरीय अधिकारी समाधान शिविरों में जाकर जिला स्तर के अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान करें। मैदानी अमले को सक्रिय रखकर प्लानिंग के साथ काम करवाएं।

### एनएमडीसी टाउनशिप की सुरक्षा में चूक

# विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में सीडीओ सुरक्षा एजेंसी कर रहीं भारी भ्रष्टाचार





**विश्वजीत सरकार**

**बचेली, 22 मई।** सीडीओ सिक्योरिटी एजेंसी के संचालक एवं एनएमडीसी बचेली में पदस्थ वरिष्ठ विभागीय अधिकारी मिलकर सुरक्षा गार्डो नाम पर प्रतिमाह लाखों रुपयो का कर रहें गमन। बी.आई.ओ.एम बचेली कॉम्प्लेक्स में पदस्थ विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में वर्षो से चल रहा यह सेटिंग का खेल प्रतिदिन 3 सिफ्ट में कुल 133 गार्डो की होनी हैं तैनातती प्रंतु वरिष्ठ अधिकारियों से सांठ गाँठ कर ठेकेदार 70 से 75 सिक्योरिटी गार्ड से ही चला रहा काम। प्रतिदिन 55 से 60 गार्डो की वेतन अधिकारी एवं सीडीओ सिक्युरिटी गार्ड के संचालक कर रहें गमन। विभागीय अधिकारियों एवं सी.डी.ओ सिक्युरिटी एजेंसी की लापरवाही लौहनगरी बचेली टाऊनशिप के लिये गंभीर चिंता का विषय है इस तरह की लापरवाही से नगर सुरक्षा पर सवालिया निशान लग रहें है।

बचेली एनएमडीसी परियोजना में कार्यरत अधिकारी कर्मचारीयो के लिये यह आवश्यक है की नगर की सुरक्षा में कोई चूक न हो एवं नगर के लोगों की सुरक्षा और शांति के लिए सुरक्षा गार्ड बेहद महत्वपूर्ण है जिसे गम्भीरता से लेते हुए सीडीओ सिक्योरिटी एजेंसी को अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से पालन करना चाहिए और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना चाहिए। लौहनगरी बचेली में स्थित विष्व प्रसिद्ध नवरत्न कम्पनी एन एम डी सी माइनिंग छेत्र की सुरक्षा के लिए सी आई एस एफ एवं टाऊनशिप की सुरक्षा के लिये सीडीओ सिक्योरिटी एजेंसी की तैनाती कर रखी हैं जहाँ सी आई एस एफ जवान अपनी कर्तव्यों का पालन निष्ठा के साथ माइनिंग व खनन छेत्र में कर रही है।

वहीं ईसकी विपरीत दूसरी ओर एन एम डी सी द्वारा अपने टाऊनशिप, परियोजना अस्पताल ,विश्राम गृह, वर्कशॉप,भांसी आई टी आई सहित कई महत्त्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा सी डी ओ सिक्योरिटी एजेंसी को सौपीं गई है। जिसके लिए एन एम डी सी द्वारा प्रति वर्ष करोड़ो रूपये खर्च किया जाता है लेकिन सीडीओ सिक्युरिटी एजेंसी के ठेकेदार मैनेजर एनएमडीसी के वरिष्ट विभागीय अधिकारियों से सांठ गाँठ कर भ्रष्टाचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहें आपको बता दें कि विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुरक्षा के लिए एन एम डी सी द्वारा तीनो पाली में अनुमानित 133 गार्ड की टेंडर प्रक्रिया कि गई है लेकिन ठेकेदार द्वारा मात्र 70 से 75 गार्ड ही रखा गया है और 133 गार्ड का वेतन एन एम डी सी से लिया जा रहा है सूत्रों से यह भी जानकारी भी मिल रहीं हैं की जहाँ 4 गार्ड की तैनाती होना है वहाँ 2 ही गार्ड से कार्य करवाया जा रहा है गार्ड की कमी से रोजाना एन एम डी सी परियोजना छेत्र से लोहा स्क्रैप की चोरी हो रही है सीडीओ सिक्युरिटी एजेंसी की कार्यकाल अवधि समाप्त हो जाने के वावजुद एन एम डी सी प्रबंधन द्वारा नई निविदा आमंत्रित ना करके भ्रस्टाचारियो पर प्रति वर्ष करोड़ो रूपये खर्च कर रहीं हैं जो की अधिकारीयो की सांठ गाँठ की ओर इशारा कर रहा है।

बचेली एनएमडीसी के अधीन कार्य कर रहीं सीडीओ सिक्युरिटी एजेंसी में कार्यरत गार्डो की जानकारी हम किसी से साझा नहीं करते आपको इसकी सुचि चाहिए तो राकेश रंजन जी से ले लीजिए

**रंजीत ( मैनेजर ) सीडीओ सिक्युरिटी एजेंसी बचेली**

समय-समय में मुझे सिक्योरिटी गार्ड एजेंसी की लापरवाही की शिकायत मिल रही है मेरे जूनियर अमरदीप से कहता हूं आपको इसकी सूची उपलब्ध कराने के लिए

**राकेश रंजन ( ए.जी.एम )**
**एनएमडीसी बचेली**

मेरे उच्च अधिकारी राकेश रंजन सर की लिखित आदेश होने के पश्चात ही मैं सिक्योरिटी गार्ड की सूची आपको उपलब्ध करवा सकूंगा।

**अमरदीप सरोवर ( ए.एम )**
**एनएमडीसी बचेली**

# शहर जिला कांग्रेस ने बिजली समस्या को लेकर बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 22 मई।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में जगदलपुर शहर में अघोषित बिजली कटौती, लगातार बढ़ती बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया जगदलपुर शहर भाजपा सरकार आने के बाद से लगातार बिजली समस्या से जनता परेशान है सरकार बनने के बाद विगत डेढ़ वर्ष से अघोषित बिजली कटौती व बिजली आपूर्ति से परेशान है।शहर में आए दिन बिना किसी सूचना के घंटों बिजली गुल कर देते है जिसके



कारण व्यापारी, रोजमर्रा ,काम करने वाले मजदूर, किसान, श्रमिक, पढ़ाई करने वाले बच्चों से लेकर वृद्धजन सहित हर वर्ग परेशान है जिसको लेकर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत विभाग कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कर व्यवस्था बिजली व्यवस्था को सुधारने को लेकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने बताया कि जगदलपुर शहर में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करने, घंटों बिजली गुल समस्या से राहत देते हुए आम जनता को अघोषित बिजली गुल से निजात दिलाने को लेकर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के समक्ष विरोध-प्रदर्शन कर विभाग ज्ञापन सौंपा।पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि घंटों बिजली गुल से आमजनता को परेशान करने का विद्युत विभाग ने ठेका ले लिया है, विभाग द्वारा जारी नंबर ज्यादातर बंद रहता है।

### सुशासन तिहार के अंतर्गत क्रेडा सीईओ ने बस्तर का किया भ्रमण

**जगदलपुर 22 मई।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सौर आधारित महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से राज्य के नागरिकों को लाभ पहुंचाने का कार्य गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों का क्रियान्वयन राज्य एवं केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी क्रेडा द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार सोलर प्लांट कार्यों की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं उक्त कार्यों में जीरो टॉलरेंस नीति को फलीभूत करने का कार्य क्रेडा सीईओ श्री राजेश सिंह राणा द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। इस जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत संयंत्रों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सीईओ श्री राणा द्वारा विभिन्न जिलों का भ्रमण किए जा रहे है।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 22 मई।** आज संभाग मुख्यालय जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव भवन व राजीव गांधी वार्ड में स्व.राजीव गांधी की सादगीपूर्ण पुण्यतिथि मनाई गई.शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न पूर्व पीएम स्व.राजीव गांधी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने स्व.राजीव गांधी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा भारत के विकास का प्रणेता है स्व.राजीव गांधी जी,उनके नेतृत्व में देश ने तकनीकी और सामाजिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की। राजीव गांधी ने युवा भारत को नई दिशा दी। उनकी दूरदर्शिता ने देश को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। आज कार्यकर्ताओं ने उनके बलिदान को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।उनकी नीतियों ने ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उनके द्वारा शुरू किए गए डिजिटल और संचार क्रांति के प्रयासों से आज के आधुनिक भारत की नींव रखी है। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा देश में आधुनिक कंप्यूटर युग की नींव पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी द्वारा ही रखी गई है।स्व.राजीव गांधी को भारत का महान सपूत थे उनके नेतृत्व ने लाखों भारतीयों में आशा और विश्वास जगाया. उन्होंने भारत को आधुनिक बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए जैसे मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण व भागीदारी के लिए उन्होंने कई परिवर्तनकारी कदम उठाए. इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, कविता साहू, हनुमान द्विवेदी, राजेश राय, गौरनाथ नाग, रविशंकर तिवारी, एम वेंकट राव, परमजीत जायसवाल, महामंत्री जाहिद हुसैन, निकेत झा, असीम सुता, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग, युंका उपाध्यक्ष संदीप दास,अनुराग महतो, विक्रांत सिंह,पार्षद सूर्यापानी, राकेश मौर,अफरोज बेगम, गौतम पाणिग्रही, शुभम् यदु, जस्टिन भवानी, शहनाज बेगम,आभास महंती,ललिता राव, कमलेश पाठक, जयंती केरकेट्टा,एस नीला, राजेंद्र पटवा, दंतेश्वर राव, हरिसिंह,आदर्श दलाई, शादाब अहमद सहित वार्डवासी आदि मौजूद रहे।

# संकुल स्तरीय 15 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 22 मई।** विकासखंड बकावंड अंतर्गत संकुल केंद्र इरिकपाल का संकुल स्तरीय समर केम्प का आयोजन मालगांव में आयोजन किया जा रहा था। 5 मई से 22 मई तक पंद्रह दिवसीय समर केम्प का समापन गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समापन अवसर के मुख्य अतिथि एबीईओ डेन्सनाथ पांडे, अध्यक्षता सीएसी पवन समरथ, विशेष अतिथि सरपंच मालगांव श्रीमती कमला नाग, सरपंच धोबीगुड़ा संतोष कश्यप, पूर्व




जनपद सदस्य भोलानाथ नाग, पूर्व सरपंच सीताराम नाग, उपसरपंच झूमुक लाल नाग तथा नोडल अधिकारी टी पी पांडे रहे। मुख्य अतिथि डेन्सनाथ पांडे ने इस दौरान कहा कि बच्चे कच्चे मिट्टी के समान होते है और गुरू कुम्हार के समान। गुरू कच्चे मिट्टी को एक आकार देकर बच्चे को समाज में अच्छे नागरिक के रूप में तैयार करता है. बच्चों को संबिधित करते हुए उन्होंने कहासमर केम्प में आप लोगों ने स्कूली गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य कई नये नये चीजें सीखे होंगे, ये आपके जीवन को प्रेरणा देंगे। कार्यक्रम को सीएसी पवन समरथ तथा समर केम्प के नोडल टी पी पांडे ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान स्कूली छात्राये चंचल सेठिया, दुलारी बघेल, रुद्राणी नाग, गीता अंजली तथा सृष्टि मंडल आदि ने समर केम्प में सीखे कार्यो के बारे में आपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि केम्प में हम लोगों ने ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एन्ड क्राफ्ट, खिलौना बनाना, सिंगिंग, डांस, ड्रामा के अलावा नैतिक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, बौद्धिक शिक्षा आदि के बारे में जाना। कार्यक्रम का संचालन एस एन राव ने किया। इस दौरान प्रधान अध्यापक श्रीमती फैमिदा खान, कुरसो राम ठाकुर, रघुनाथ कश्यप, जगदीश यादव, शीला बघेल, नीलमणी साहू, दशरथ कश्यप, मनोज सूर्यवंशी, ममता यादव, हेमंत आचार्य सहित इरिकपाल संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाये तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राये उपस्थित रहे।

## परशुराम जयंती कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया, 22 मई।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोलापुर में सर्व ब्राह्मण समाज परिक्षेत्र छुरिया द्वारा आयोजित परशुराम जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम जयंती को जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है, भगवान परशुराम को भगवान विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाता है, जिन्होंने क्षत्रियों के अत्याचारों को समाप्त करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया था। भगवान परशुराम को धर्म और न्याय की स्थापना के लिए जाना जाता है, और उनकी जयंती के अवसर पर लोग धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर श्री संजय सिन्हा जी (अध्यक्ष ज.पं.) श्री रविन्द्र वैष्णव जी (महामंत्री जिला भाजपा)श्रीमती चमेली ठाकुर जी (सरपंच भोलापुर)प्रकाश मुटघरे (जनपद सदस्य),टिकम प्रसाद पाण्डे जी (अध्यक्ष परिक्षेत्र छुरिया)श्रीमती क्षमा तिवारी जी (सरपंच महराजपुर) मनीष त्रिपाठी जी (आई. टी.सेल भाजपा) उमेश तिवारी जी, (कार्यकारणी अध्यक्ष)दीपक दुबे जी उपाध्यक्ष आचार्य प्रहलाद मिश्रा,(वरिष्ठ उपाध्यक्ष) अवधेश दुबे (सचिव)धीरेन्द्र तिवारी (कोषाध्यक्ष)राधेश्याम शर्मा जी (मिडिया प्रभारी)प्रकाश शर्मा (सरक्षक) रुखम पांडे, शिशुपाल साहू, पूर्णानंद साह, मोहित सिन्हा, दरुवा महराज जी,सकीला दीदी उपसरपंच महाराजपुरएवं सर्व ब्राहमण समाज परिक्षेत्र छुरिया एवं सभी समाजिक बन्धुओ व माताओं की गरिमा उपस्थिति रही।

## भेलवापाल समाधान शिविर में आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई

**सुकमा, 22 मई।** आज सुशासन तिहार के तीसरे चरण का समाधान शिविर सुकमा विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र के कलस्टर ग्राम पंचायत भेलवापाल में आयोजित किया गया, जिसमें शामिल होकर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए अपील किया कि श्रम विभाग में पंजीकृत होकर इसका लाभ लें हमारे जिले में मनरेगा जॉब कार्ड में पंजीकृत मजदूरों की संख्या लगभग 2 लाख हैं वहीं दूसरी ओर श्रम विभाग में पंजीकृत मजदूरों की संख्या लगभग 50 हजार है इस अंतर का कारण सिर्फ हमारी अज्ञानता ही है जिस प्रकार हम मनरेगा जॉब कार्ड से लाभ ले रहे हैं उसी प्रकार श्रम पंजीयन करवाकर दर्जनों योजनाओं का लाभ ले सकते हैं इसलिये आप सभी इसमें शिविर के माध्यम से पंजीयन अवश्य करवाएं शिविर के दौरान ही ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनके माँग और पेयजल आपूर्ति पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस समाधान शिविर में झापरा,पुष्पल्ली,भेलवापाल,कोकरपाल,बुडदी आदि पंचायतों के ग्रामीणों से सीधा संवाद किया ,शिविर में उपस्थित सभी मातृ शक्तियों को सम्बोधित करते हुए महिला आयोग के कार्यों को विस्तृत रूप से बताया साथ ही अपील भी किया कि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ लें हम आयोग के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क एवं त्वरित न्याय दिलाते है। सभी पंचायतों के सरपंच एवं जनपद सदस्य एवं अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कलस्टर पंचायत में शामिल 5 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे। सुकमा के संवेदनशील कलेक्टर देवेश ध्रुव जी के निर्देशानुसार समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को उनकी समस्या का निराकरण शिविर के दौरान ही किया गया। ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनके माँग और पेयजल आपूर्ति पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## दोरनापाल समाधान शिविर में किसान पुस्तिका,आयुष्मान कार्ड वितरित



**सुकमा, 22 मई।** नगर पंचायत दोरनापाल में वार्ड क्रमांक 4 में स्कूल के पास आज सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को हितग्राही मूलक सामग्री, प्रमाण पत्र, किसान पुस्तिका और आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही हैं। उन्होंने जल संरक्षण, बालिका शिक्षा और सामाजिक समानता पर बल दिया और ग्रामीणों को पानी बचाने की शपथ दिलाई। शिविर में हितग्राहियों को क्षतिपूर्ति राशि के तहत चेक वितरण, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, बच्चों को जाति व जन्म प्रमाण पत्र, हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के गोदभराई और बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार भी कराए गए। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और स्वास्थ्य विभाग ने शुगर, बीपी की जांच कर दवाइयां वितरित कीं। समाधान शिविर ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ते हुए सेवा और सुशासन की मिसाल पेश की। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा नायक, उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, नगरपालिका अधिकारी श्री हूंगाराम गोंदे सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

■ जनप्रतिनिधियों ने किया हितग्राही मूलक सामग्री वितरण

■ स्वास्थ्य जांच के साथ प्रमाण पत्रों का हुआ वितरण

## 24 आत्मसमर्पित नक्सलियों को कृषि उद्यमी प्रमाणपत्र बांटे गए

**सुकमा, 22 मई।** जिला प्रशासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था कायम रखने और पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में 24 आत्मसमर्पित नक्सलियों को भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सुकमा द्वारा 13 दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आत्मसमर्पित युवाओं को कृषि से सम्बंधित प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र एवं संस्थान में सब्जी नर्सरी, धान की खेती, डेयरी, मुर्गीपालन, बकरी पालन, मछली पालन का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। इसके साथ ही ओम प्रकाश साहू फैकल्टी के द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण उपरांत श्री अरुण कुमार सोनी स्टेट कंट्रोलर के निर्देशन में सभी कैंडिडेट्स का असेसमेंट किया गया। असेसमेंट में सभी कैंडिडेटस पास हुए एवं उन्हें कलेक्टर महोदय के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा समस्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जुड़ने हेतु आग्रह किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में लाइवलीहुड कॉलेज के लेखापाल क्रांति बघेल, संस्थान के कार्यालय सहायक कमलेश कुमार सिन्हा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

■ कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने समाज की मुख्य धारा में जुड़ने की अपील की

# चेरामंगी समाधान शिविर में ग्रामीणों की मांग व समस्याओं का निराकरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 मई।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 21 मई को उसूर ब्लॉक के चेरामंगी में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। उक्त शिविर में आवापल्ली, चिंताकोंटा, मुरदंडा, चेरकडोडी, नुकनपाल, पुसगुड़ी एवं मुरकीनार के ग्रामीण शामिल हुऐ।

समाधान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं से जुड़ने, योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर में सुधार लाने को कहा जानकी कोरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से वनांचल में बदलाव की बयार आ गई। सुशासन की सरकार से अंतिम व्यक्ति तक अब योजनाएं पहुंच रही है। बीजापुर जिले में शांति, सुरक्षा और विकास की रफ्तार तेज हुई है। वहीं शासन के नीति से हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। शिविर के माध्यम से प्रथम चरण में प्राप्त 969 आवेदनों के विभागवार निराकरण से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय सहित विभिन्न विभागों से लाभान्वित हितग्राहियों को उपस्थित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में 281 नवीन आवेदन भी प्राप्त हुऐ जिनको निराकरण की प्रक्रिया जारी है।



### समाधान शिविर में शासकीय योजनाओं का हो रहा है व्यापक प्रचार-प्रसार

**बीजापुर, 22 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित समाधान शिविर में शासकीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

वहीं छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रचार सामग्री मासिक पत्रिका, जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री, ब्रोसर, पांपलेट वितरण किया जा रहा है। जनमन पत्रिका को लेकर युवा वर्गों में खासा उत्साह भी देखने को मिल रहा है।

## समाचार संक्षेप

### नि:शुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर

## मोतियाबिंद, दूरदृष्टि दोष सहित नेत्र संबंधित 125 मरीजों की हुई जांच



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 मई।** बीजापुर अन्तर्गत धुर माओवाद प्रभावित ग्राम कोंडापल्ली में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा नेत्र संबंधी जांच एवं उपचार की मांग रखी गई थी जिसके तहत 17 मई 2025 को कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बी.आर. पुजारी के मार्ग दर्शन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी उसूर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक वरूण साहू के सहयोग से डॉक्टर गौरी शिवा चिकित्सा अधिकारी बासागुड़ा की अगुवाई में जिला चिकित्सालय के नेत्र सहायक अधिकारी अर्जुन प्रधान एवं टीम द्वारा नेत्र जांच एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल मरीज 125, नेत्रजांच 28, मोतियाबिंद के 21, दूरदृष्टि दोष चश्मा 07, बी.पी. जांच 52, बी.पी. मरीज 02, सुगरजांच 52, आर.डी.टी. 110, पाजिटिव 02, अन्य. 15, आयुष्मान कार्ड (0से 5 वर्ष) 05, पोष्ट बैंक खाता 09, कार्ड 23, आधार कार्ड पंजीयन कराया गया।

## एक नजर

### आईईडी की चपेट में आने से जवान शहीद

**बीजपुर, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अबूझमाड़ ऑपरेशन अभियान के दौरान 21 मई लगभग 7 बजे DRG बीजापुर का जवान रमेश हेमला आईईडी की चपेट में आकर मौके पर शहीद हो गया द्य इससे पूर्व कल दिनांक 21/05/2025 प्रात नक्सली हमले का बहादुरी से सामना करते हुए नारायणपुर जिले के औरचा थाना क्षेत्र के ग्राम भटबेडा निवासी, उम्र 38 वर्ष, डीआरजी टीम के सदस्य खोटलूराम कोर्राम शहीद हो गए।

### मुठभेड़ में डीआरजी जवान शहीद हो गया

**बीजपुर, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहीद खोटलूराम कोर्राम (नरायणपुर) और शहीद रमेश हेमला (बीजापुर) को सलामी आज दिनांक 22/05/2025 को दोपहर 12:00 बजे, रिज़र्व पुलिस लाइन, नारायणपुर में आयोजित किया जाएगा। शहीदों का पार्थिव शरीर जिला नारायणपुर मुख्यालय लाया जा रहा है, जहां उन्हें सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

### कांवड़गांव में राशन दुकान का भवन हुआ पूरा



**बीजपुर, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर विकासखंड के सुदूर गांव कावंड़गांव जो ग्राम पंचायत बुरजी के आश्रित गांव है। कांवड़गांव माओवाद प्रभावित गांव था छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत उक्त गांव में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध कराने शासकीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। कावड़गांव के 270 राशनकार्ड धारी परिवार पूर्व में 15 किलोमीटर दूर गंगालूर स्थित शासकीय उचित मूल्य के दुकान से राशन लेने को मजबूर थे। फिर जिला प्रशासन की मदद से उक्त गांव तक ट्रेक्टर के माध्यम से राशन पहुंचाकर ग्रामीणों में वितरण किया जाने लगा। चूकिं गांव में शासकीय राशन दुकान भवन नहीं होने से भंडारण की समस्या बनी रहती थी।

### सर्पदंश से मृत्यु प्रकरण में 4 लाख आर्थिक सहायता

**बीजपुर, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत् राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में से मृतक सुदुराम करटिया के निकटतम वारिस उनके पुत्र सियाराम करटिया निवासी ग्राम कोडोली स्कूलपारा, भैरमगढ़ को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### समाधान शिविर में मिला पीएम आवास का लाभ, हितग्राहियों ने जताई खुशी

# आयुष्मान, वय वंदन तथा सिकल सेल कार्ड से हितग्राही लाभान्वित, होगी इलाज में सुविधा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 22 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत खरसिया के नावागांव एवं धरमजयगढ़ के सिसरिंगा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

धरमजयगढ़ के सिसरिंगा में आयोजित शिविर में 12 से अधिक पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास की खुशियों की चाबी सौंपी गई। इस दौरान राम दुलार, सुकमोती, जमुना बाई ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शिविर में पीएम आवास की खुशियों की चाबी मिलने से अच्छा लग रहा है। काफी प्रयास के बाद भी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से पक्के आवास की इच्छा अधूरी ही रह गई थी। लेकिन आज पीएम आवास योजना के उनके सपने को पूरा किया है, साथ ही कच्चे मकान में होने वाले समस्याओं से भी निजात दिलाया है। इसी प्रकार सामूहिक निवेश निधि अंतर्गत तिरंगा महिला ग्राम संगठन जमाबीरा देव स्व- सहायता समूह एवं राधा महिला ग्राम संगठन भालूपखना, अंशु स्व-सहायता समूह भालूपखना को 60-60 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि उक्त सहायता राशि से अब वह अन्य आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएगी। इसी प्रकार राशन कार्ड से लाभान्वित शीला लकड़ा, मनमोती यादव एवं चंदन सिंह ने कहा कि समाधान शिविर से लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान हो रहा है, वही उन्हें



शिविर में राशन कार्ड भी मिला है। इससे उन्हें अब खाद्यान्न लेने में आसानी होंगी। मौके पर 13 स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर हरिश्चंद्र राठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष लीनव राठिया, जिला पंचायत सदस्य पुनेश्वर राठिया, दशरथ राठिया, बीडीसी देवंती राठिया, जनक राम राठिया, शोभाराम राठिया, मोहन ठाकुर, सरपंच राम राठिया, संपत्ति रतिया, सेबेसतियानी कुजूर, निर्मला आनंद सिंह राठिया, सावित्री राठिया, अगरबंती राठिया, भवानी राठिया, लक्ष्मी प्रसाद राठिया, संतोषी राठिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

खरसिया के नावागांव आयोजित शिविर में सात हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, दो हितग्राहियों को वय वंदन कार्ड तथा चार हितग्राहियों को सिकल सेल कार्ड से लाभान्वित किया गया। तीज कुंवर राठिया, ओंकार पटेल एवं सुमित्रा बाई ने कहा कि आयुष्मान कार्ड मिलने से इलाज में सुविधा होगी। वहीं बरातु रतिया एवं जानकी बाई राठिया ने कहा कि वय वंदन कार्ड बनने से उम्र के इस पड़ाव में ईलाज में काफी सहूलियत होगी। कृषि विभाग द्वारा चैन सिंह राठिया, ओंकार प्रसाद रामप्यारे पटेल, विष्णु प्रसाद को स्प्रेयर, कृषि दवाई के साथ ही विभिन्न कृषि सामग्री का वितरण किया गया। लाभान्वित हितग्राहियों ने कहा कि उपकरण के मिलने से कृषि में आसानी हो होगी। उद्यान विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को फलदार पौधे वितरित किए गए। इसी प्रकार खाद्य विभाग द्वारा 14 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्रासन करवाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। शिविर में राजस्व, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, पशुपालन एवं शिक्षा जैसे विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए थे। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आवेदनों का निराकरण करते हुए संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

### 22 मई को इन स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 22 मई को जिले के 05 स्थानों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद पंचायत अंतर्गत घरघोड़ा के कुडुमकेला, लैलूंगा के नारायणपुर, धरमजयगढ़ के चरखापारा, नगरीय निकाय अंतर्गत रायगढ़ के निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट एवं लैलूंगा के नगर पंचायत कार्यालय शामिल है।

### देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के अस्थायी संरक्षण के लिये भावी-अभिभावकों से आवेदन आमंत्रण

**बीजापुर, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम अंतर्गत पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत देखरेख और संरक्षण की अवश्यकता वाले बालकों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम तथा मॉडल गाइड लाइन फॉर फॉस्टर केयर के प्रावधानानुसार अस्थाई संरक्षण में दिये जाने हेतु Foster Care में भारतीय दम्पति आवेदन कर सकते है। Foster Care परिवार का दायित्व होगा कि वह बालक को समुचित भोजन, वस्त्र, आश्रय, शिक्षा, उच्च शिक्षा, देखभाल एवं संरक्षण, आवश्यकतानुसार सभी प्रकार की चिकित्सा, उपचार, आयु एवं रूचि अनुसार व्यवसायिक प्रशिक्षण, बालक की विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति बालक की शोशण, दुर्व्यवहार, हानि, उपेक्षा से सुरक्षा तथा बालक एवं उसके जैविक परिवार की निजता का सम्मान करें। इसके साथ ही फास्टर केयर मार्गदर्शिका में उल्लेखित सभी दायित्व एवं शर्तो तथा बालक कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई के निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा। ऐसे भारतीय दंपति जो देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को अस्थाई रूप से संरक्षण में लेना चाहते है। वे कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल जिला बीजापुर छत्तीसग्ढ़ में संपर्क कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते है। आवेदन के पश्चात् उक्त अधिनियम एवं गाइड लाइन के प्रकाश में गृह अध्ययन प्रतिवेदन तथा स्पान्सरशिप एवं फास्टर केयर अनुमोदन समिति की अनुशंसा के आधार पर जिले की बालक कल्याण समिति द्वारा देखरेख एवं संरक्षण हेतु बालक, संबंधित दंपति को Foster Care में दिया जा सकेगा।

# जन-जागरूकता का दिखा असर

### फोन से बाल श्रम की जानकारी मिलने पर महिला बाल विकास, पुलिस एवं श्रम विभाग के संयुक्त टीम की त्वरित कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 मई।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा जिले में बाल श्रम रोकथाम हेतु नियमित रूप से जन-जागरूकता अभियान ग्राम पंचायतो में शिविर/आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम एवं स्कूल/कॉलेजों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर बाल श्रम, बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बीजादूतीर किशोर-किशोरियों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिसका व्यापक असर देखने को मिल जागरूक नागरिकों द्वारा समय-समय पर सूचनाएं भी दी जा रही जिसका संज्ञान लेकर विभागीय अमलों द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है।इसी छरह

फोन कॉल के माध्यम से नगरीय क्षेत्र के महादेव तालाब सौदर्यीकरण कार्य में बाल श्रमिक द्वारा कार्य कराये जाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर संयुक्त टीम महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग द्वारा छापामारी की कार्यवाही की गई छापामारी के दौरान पाया गया कि नियोजक कीर्ति कन्ट्रक्शन द्वारा कराये जा रहे कार्य में 55 लोग कार्यरत थे। उक्त कार्यरत व्यक्तियों में से कुल 22 बच्चो (11 नाबालिग बालक एवं 11 बालिकाओ) को चिन्हांकित किया गया, जिनका उम्र 18 वर्ष से कम पाया गया, जिनमें से लगभग 8 बच्चें जिनका उम्र 14 वर्ष के आसपास होना पाया गया। मौके पर उपस्थित नियोजक कीर्ति कन्ट्रक्शन के इंजीनियर देवेन्द्र साहू द्वारा पूछा गया कि उक्त निर्माण कार्य में नाबालिग बच्चों का नियोजन क्यों किया गया है, नियोजन से पूर्व उम्र का सत्यापन दस्तावेज के माध्यम से क्यों नही किया गया है, इस संबंध में देवेन्द्र साहू द्वारा जानकारी देने से बचते रहे

जबकि कीर्ति कन्ट्रक्शन को श्रम विभाग द्वारा पूर्व में भी सचेत किया गया था कि श्रम विभाग से अनुज्ञप्ति प्राप्त करे एवं बाल श्रमिक नियोजन में न ले फिर भी कीर्ति कन्ट्रक्शन द्वारा 50 से अधिक लोगो द्वारा कार्य बिना श्रम विभाग से अनुज्ञप्ति प्राप्त किये कार्य कराया जा रहा है, साथ ही नाबालिग बच्चों को श्रम में नियोजन किया है जो कि बालक और किशोर (प्रतिषेध विनियम) अधिनियम 1986 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 का उल्लघन है। छापामारी के दौरान रेस्क्यू किये गए सभी बच्चों को बालक कल्याण समिति में प्रस्तुत कर, अस्थायी रूप से बालकों को बालगृह टुमारोज फाउंडेशन एवं बालिकाओं को सखी सेंटर संदर्भित किया गया है। परिवार को सूचित किया गया है कि सभी बच्चों के उम्र सत्यापन हेतु दस्तावेज (आधार कार्ड, अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र) के साथ बालक कल्याण समिति में बुधवार को उपस्थित होगें। ताकि बच्चों का पुर्नवास संबंधित कार्यवाही किया जा सके एवं बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सके।

## चेरपाल व तर्रेम समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का किया गया निराकरण



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 मई।** सुशासन तिहार अर्न्तगत उसूर ब्लॉक के तर्रेम एवं बीजापुर ब्लॉक के चेरपाल में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में हजारों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। तर्रेम क्लस्टर में ग्राम पंचायता तर्रेम, कोण्डापल्ली, गगनपल्ली, पुसबाका, चिपुरभट्टी, चिन्नागेलूर एवं चेरपाल क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत चेरपाल, पालनार, तोड़का, पदेड़ा, पेदाकोरमा, कड़ेनार, रेड्डी, पदमूर एवं ग्राम पंचायत कमकानार के ग्रामीण शामिल हुऐ।

तर्रेम क्लस्टर में आयोजित शिविर के माध्यम से कुल प्राप्त 825 आवेदनों का निराकरण किया गया। वहीं ग्रामीणों की मांग पर 3 मीटर स्पॉन पुलिया मुख्यमार्ग से कुरूसपारा तर्रेम एवं आरसीसी स्लैब पुलिया, पुलिया निर्माण कार्य, 2 मीटर मुख्यमार्ग से तुर्रे पारा की स्वीकृति समाधान शिविर में दी गई। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष उसूर सुश्री पूर्णिमा तेलम ने ग्रामीणों को शासन के लिए प्रेरित किया। वहीं चेरपाल में आयोजित शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं दो बच्चों का अन्नप्राश कराया गया।

शिविर के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों के योजनाओं का प्रदर्शन कर आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुऐ लाभार्थी बनने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया एवं पात्र हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा सामग्री, चेक, सहायक उपकरण वितरण जैसे विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

## कलेक्टर ने एफएसटीपी प्लांट का किया निरीक्षण, कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 22 मई।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज विकासखण्ड तमनार के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने तमनार के महलोई में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत बनाए जा रहे एफएस.टी.पी. (फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट)का निरीक्षण किया। मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने एसडीओ आरईएस राठिया से एफएस.टी.पी.के कार्यप्रणाली की जानकारी ली। राठिया ने बताया कि यह मानव मल ट्रीटमेंट प्लांट है, जिसके माध्यम से सुरक्षित मल निपटान किया जाएगा ताकि गंदगी न फैले। उन्होंने ट्रीटमेंट प्लांट में लगे विभिन्न टैंकों की जानकारी देते हुए उनकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एफएस.टी.पी.जिले के सभी ब्लॉकों में बनाया जा रहा है।

कलेक्टर चतुर्वेदी द्वारा निर्माणाधीन कार्य के संबंध में जानकारी लेने पर एसडीओ आरईएस ने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके है। जिस पर कलेक्टर चतुर्वेदी ने कार्य में तेजी लाते हुए एफएस.टी.पी.कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, सीईओ जनपद संजय चंद्रा, एसडीओ आरईएस हेमसिंह राठिया, सब इंजीनियर रविकांत थवाईत सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**ऑयल पॉम क्षेत्र पहुंचे कलेक्टर, कृषक से की चर्चा**

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी निरीक्षण के दौरान तमनार के छिंदभौना पहुंचे। जहां उन्होंने उद्यानिकी विभाग की सहायता से कैलाश शर्मा द्वारा लगाए गए ऑयल पॉम क्षेत्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद कृषकों से फसल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 25 एकड़ में ऑयल पॉम की खेती की जा रही है, जिसका इस वर्ष पहला उत्पादन है। वर्तमान में 24 हजार किलो ग्राम उत्पादन हुआ है जिससे लगभग 3 लाख रुपए की आमदनी हुई है।

### आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ी बबीता, सिलाई-कढ़ाई के साथ कम्प्यूटर सीखकर कुछ नया करने की है चाह

# कलेक्टर जनदर्शन में बबीता को मिली नई मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 22 मई।** शुगर की गंभीर बीमारी के चलते 27 वर्षीय कु. बबीता यादव को अपना बायां पैर गंवाना पड़ा। इस हादसे ने न सिर्फ उनकी शारीरिक स्वतंत्रता छीनी, बल्कि उनके सपनों और जीवन की दिशा को भी प्रभावित किया। दिव्यांगता के कारण न चल पाने और काम में असमर्थ होने की स्थिति में, बबीता का आत्मविश्वास टूटने लगा था। ऐसे कठिन समय में भी बबीता ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने जीवन को फिर से पटरी पर लाने के लिए प्रयास किया। उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन रायगढ़ में एक मोटराइज्ड ट्रायसायकल की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया।



जिला प्रशासन ने जब कु.बबीता की पीड़ा, संघर्ष और आर्थिक हालात को देखा, तो संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई की गई एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें आवागमन सुविधा के रूप में एक मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। यह ट्रायसायकल न सिर्फ उनके लिए एक साधन बना, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की दिशा में पहला कदम भी सिद्ध हुआ।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत रायगढ़ के अंतर्गत ग्राम मुरालीपाली, ग्राम पंचायत परसदा की रहने वाली कु बबीता यादव, पिता वीरसिंह यादव, एक कठिन दौर से गुजर रही थीं। माता-पिता दोनों रोजी-मजदूरी का काम करते है। घर में बबीता से छोटी दो बहन और एक भाई भी है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर थी, जिससे इलाज से लेकर दैनिक जरूरतों तक की परेशानियों का सामना बबीता के परिवार पर पड़ रहा था।

**मोटराइज्ड ट्रायसायकल से हुई जिंदगी की नई शुरूआत:** मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्राप्त होते ही कु.बबीता यादव और उनका परिवार अत्यंत प्रसन्न हुए। बबीता ने इसे अपनी नई जिंदगी की शुरुआत बताया, जिससे अब वे घर से बाहर निकलकर अपने छोटे-मोटे कार्य स्वयं कर सकेंगी और सामाजिक जीवन में फिर से जुड़ सकेंगी। कु.बबीता ने बताया कि वह सिलाई-कढ़ाई के साथ कम्प्यूटर सीखने की ईच्छा है। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर सीखकर कुछ नया करने एवं जीवन में आगे बढने की चाह रखती है।

### प्लेसमेंट कैम्प 23 मई को, 115 रिक्त विभिन्न पदों पर होगी भर्तियां

**रायगढ़, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 23 मई 2025 को प्रातः 9 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजी क्षेत्र में रिक्त 115 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं रिज्यूम के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्या अर्थ मूवर्स में सर्विस इंजीनियर (इलेक्ट्रिशियन) एवं सर्विस इंजीनियर (मैकेनिकल)कुल 10 पद, जेनस पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में इलेक्ट्रिशियन में रिक्त 50 पद तथा ऑटो सेंटर में सेल्स कंसल्टेंट, सर्विस एडवाईजर, टेक्नीशियन, स्पेयर पार्टस एक्जीक्यूटिव, सुपरवाईजर, टेलीकॉलर, सिक्योरिटी गार्ड, सेल्स मैनेजर, ड्राईवर एवं फ्लोर सुपरवाईजर में कुल 55 पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

## सुशासन तिहार में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा

# सुशासन तिहार शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक: शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 22 मई।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मयूर शिशु मंदिर प्रांगण में सुशासन तिहार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए आमजन तक पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर मौके पर ही संबंधित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को पोषण किट, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रमिक कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, पेंशन स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ सहित अनेक सुविधाएं प्रदान की गईं। गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार के माध्यम से मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं को भी जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मौके पर ही हितग्राहियों को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया, जिससे शिविर की उपयोगिता और प्रभावशीलता सिद्ध हुई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सभापति मनीष मिश्रा, गोविंद पटेल, पार्षद नंदू वैष्णव, भुवन ठाकुर, मोंटू ध्रुव, ठाकुर राम साहू, उमाशंकर वर्मा, बब्बू मंधान, चंद्रकांत खुटे, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, कीर्तन जायसवाल, गोपी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है। इससे योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सीधे पहुंचता है और आमजन का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। जनहित में ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि भाटापारा नगर विकास के प्रत्येक आयाम में अग्रसर हो सके।

# गर रहना है चुस्त दुरुस्त, निरोग नियमित करें योग :धनंजय सिन्हा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 22 मई।** पतंजलि योग समिति परिवार गरियाबंद जिले के घर घर तक, हर जन तक योग को पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। जिले के प्रत्येक गांव में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर द्वारा लोगों को निरोग रहने का मूल मंत्र सिखाया जा रहा है।

स्कूल, कॉलेज, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस आदि शिविरों में युवा पीढ़ी को योग रूपी सनातन संस्कृति से जोड़ने का हर सम्भव कोशिश कर रहे हैं। जिला जेल, पुलिस बल एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी को समय समय पर योग का अभ्यास कराया जाता है। परीक्षा के समय पढाई पर मन को केन्द्रित करने, तनाव प्रबंधन एवं बेहतर मैनेजमेंट हेतु छात्र छात्राओं को ध्यान, प्राणायाम सिखाया गया।इसी कड़ी में गुरुकुल महाविद्यालय गरियाबंद द्वारा बीएड के प्रशिक्षार्थी छात्र अध्यापकों को स्वस्थ रहने की कला सिखाने हेतु महाविद्यालय परिसर में शिविर आयोजित किया गया था।एससीईआरटी के राज्य स्तरीय योग प्रशिक्षक शंकर लाल यदु, पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा योगाभ्यास कराया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक धर्मेन्द्र ओझा ने कहा कि योग एक वैज्ञानिक विद्या है जिसके नियमित अभ्यास से निरोगी काया मिलती है।योग, आत्मसंयम एवं चिरस्थाई स्वस्थ रहने हेतु आवश्यक है।

बीएड के विद्यार्थियो को एक अच्छा शिक्षक बनने हेतु सर्वप्रथम स्वस्थ रहने की कला सीखनी होगी।योग के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी हेतु गरियाबंद जिले के योगरत्न अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं शंकर लाल यदु से निवेदन किया गया।योगाचार्यो द्वारा सुंदर ढंग से योग, आयुर्वेद, यज्ञ, हवन, सुव्यवस्थित दिनचर्या का पाठ सिखाया गया। योग सतत की जाने वाली क्रिया है। प्रत्येक छात्र छात्राएं नियमित योग करें।मनोरंजक तरीके से सरलता के साथ योग जैसे महत्वपूर्ण विषय को बच्चों तक पहुंचाने हेतु महाविद्यालय परिवार द्वारा धन्यवाद् ज्ञापन किया गया। शिविर में शंकर लाल यदु ने अष्टांग योग की बारीकियों से अवगत कराया।

यौगिक जॉगिंग, जुम्बा, एरोबिक्स, स्थूल और सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया।योगाचार्य शंकर लाल यदु ने योगाभ्यास कराते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल में शरीर को विशेष देखरेख की आवश्यकता होती है।पानी की कमी, तेज धूप से बचाव हेतु शीतली, शितकारी प्राणायाम लाभकारी है।छत्तीसगढ़ योग आयोग के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने योग, यज्ञ की महत्ता समझाते हुए कहा कि अपने व्यस्त समय में से थोड़ा सा समय निकालकर प्राणायाम करने से तनावमुक्त रह सकते हैं।

परीक्षा के समय में रोजाना सुबह उठकर हवादार जगह में आसन बिछाकर सुखासन, पद्मासन या सिद्धासन में बैठ जाएं और प्राणायाम करें। कपालभाति को तीन से पांच मिनट तक अवश्य करें जिससे हाजमा दुरुस्त होगा और पेट ठीक रहेगा। मंत्रों के साथ सूर्य नमस्कार कराते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है।

यह शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखेगा, बीमारियों से भी बचाएगा।भावी राष्ट्रनिर्माताओं को षट्कर्म, शरीर शुद्धिकरण सिखाया गया। शिविर में प्रोफेसर लोकेश मार्कण्डेय, राहुल साहू, कल्पना ध्रुव, टोनी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में छात्राध्यापकों ने आनंद के साथ योगाभ्यास का लाभ उठाया।विविध प्रकार के ताली वादन से माहौल खुशनुमा बना रहा।

## एक नजर

### नगर की महिलाओं ने सिंदूर यात्रा निकाली



**छुरा, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष महोदया लुकेश्वरी थानसिंह निषाद के नेतृत्व में सिंदूर यात्रा निकाली गई। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा कि पाकिस्तान के द्वारा हुए कायराना हरकत का मुंह तोड़ जवाब भारती सेना ने दिया, पूरा देश भारती सेना के पराक्रम को नमन करती है एवं हमेशा भारतीय सेना के साथ खड़ी है।

### कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

**बलौदाबाजार, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर दो आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना भाटापारा शहर अंतर्गत नयापारा वार्ड भाटापारा निवासी सागर धीवर पिता संतोष धीवर एवं थाना कसडोल पुलिस चौकी सोनाखान अंतर्गत ग्राम महकम निवासी रामजी सागर पिता केजूराम सागर को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

### पीएमएफएमई के तहत ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बलौदाबाजार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिये इच्छुक व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाना है। ऋण हेतु आवेदन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। नवीन या विद्यमान माईक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों यथा मसाला उद्योग, मुरमरा (मुरी), पोहा, मिनी राईस मिल, राईस मिल, आटा चक्की, पशु आहार उद्योग, दलिया, बेकरी उत्पाद, आचार, पापड, नमकीन, भुजिया, चिप्स, मिष्ठान निर्माण, जैम जैली, जूस एवं पल्प तथा अन्य फल एवं सब्जी प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख रु. तक प्रति उद्यम है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है।

## पंजीयन में 10 नये सुधारों के सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

# रजिस्ट्री में क्रांतिकारी सुधार से शक्ति समय व धन की होगी बचत : वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 मई।** रजिस्ट्री में लागू 10 नये जनोपयोगी सुधारों के सम्बन्ध में बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारम्भ भारत माता एवं छतीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान पंजीयन विभाग में लागू 10 नये सुधारों की जानकारी देने का साथ ही व्यापक चर्चा की गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पंजीयन में सरलीकरण हेतु 10 क्रांतिकारी एवं जानोपयोगी सुधार लागू किये हैं।रजिस्ट्री में इस नये सुधार से किसानों एवं भूमि स्वामी के शक्ति, समय एवं धन की बचत होगी। यह सुधार फर्जी रजिस्ट्री और भ्रष्टाचार नियंत्रण में प्रभावी साबित होगा। उन्होने कहा कि पहले रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय का चक्कर लगाना पडता था लेकिन नये सुधार लागू होने से रजिस्ट्री होने के बाद स्वतः नामांतरण हो जाएगा।उन्होने कहा कि हमारी सरकार 15 महीने में अनेक जन हितैषी योजना लागू की है।राजस्व से सम्बधित कार्य सहजता से हो इसके लिए प्रयास कर रही है। अब राजस्व अभिलेख के त्रुटि सुधार का अधिकार तहसीलदार को दिया गया है जिससे जल्द काम हो रहा है। इसके साथ ही जिओ रेफ्रेंसिंग से सीमांकन का कम भी सहजता व बिना विवाद के होगा।



कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि रजिस्ट्री में 10 नए सुधार लागू किया गया हैं जो जिले के 3 तहसील में शुरू हुआ है। इस नये सुधार से भूमि की खरीदी बिक्री के साथ रजिस्ट्री में सहूलियत होगी। नामांतरण के साथ बी 1 खसरा भी सुधर जाएगा। पहले रजिस्ट्री के लिए दो गवाहों की जरूरत होती थी लेकिन अब आधार से सत्यापन से होगी। किसी भी संपत्ति की जानकारी के लिए दास्तावेज एप्प से डाउनलोड कर सकते हैं।

बताया गया कि 10 नये सुधारों में फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन, रजिस्ट्री खोज एवं सत्यापन, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र, स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान, व्हाट्सप्प सेवाएं, डीजी लॉकर सेवाएं, रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण, घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण, घर बैठे रजिस्ट्री एवं रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण शामिल हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, कुसुम पैकरा, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, भोला वर्मा, जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, अनुसचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि, अधिकारी -कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### लोगों की समस्या सुनने व निराकरण करने का माध्यम है समाधान शिविर : राजस्व मंत्री

**बलौदाबाजार, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत करमदा में बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 1786 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 10 गांव के लोग शामिल हुए। कुल प्राप्त 2298 आवेदनों में 2276 मांग एवं 22 शिकायत से सम्बधित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे है और समाधान भी कर रहे हैं। शिविर में अधिकारी आपके द्वारा दिये गए आवेदन के निराकरण की जानकारी दे रहे हैं इसके साथ ही पात्रता अनुसार हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित भी किया जा रहा है।प्रदेश में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है जिससे सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमारी सरकार ने सभी वायदे पूरा किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन से नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में खेल सुबिधाओं व सड़क विस्तार में तेजी से काम किया जा रहा है। राजस्व मंत्री ने नगरपालिका बलौदाबाजार के नगर भवन में आयोजित समाधान शिविर में भी शामिल हुए और हितग्राहियों को विभिन्न योजना के तहत सामग्री वितरित किया।

# भारत रत्न राजीव गांधी का देश के विकास व सशक्त बनाने में अहम योगदान : कांग्रेस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 22 मई।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनके पुण्य तिथि पर छाया चित्र पर माल्यार्पण, पुजा अर्चना, नारेबाजी व विचार संगोष्ठी कर श्रद्धांजलि दिये। कांग्रेसी आज के दिन को आंतकवाद विरोध दिवस के तौर पर मनाते हैं।इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि इक्कीसवीं सदी के आधुनिक स्वप्नद्रष्टा, सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री स्व.राजीव ने 18 साल में मताधिकार, शिक्षा का प्रसार, कम्प्यूटर युग का शुरूआत, विद्युतिकरण सहित अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ किये। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुश्री राजकुमारी दीवान ने कहा कि राजीव का अल्पायु में शहीद होना देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू ने कहा कि स्व.राजीव गांधी देश के विकास के एकता व अखंडता पर बहुत कार्य किए। पार्षद मनीष साहू ने कहा कि जब व प्रधानमंत्री बने तो माता स्व.इंदिरा व भाई संजय गांधी के असामायिक मृत्यु से बहुत दुखी मन के बावजूद प्रधानमंत्री का पद संभाला।देश के सामने बहुत सारी चुनौती थी, उन्होंने हर संभव प्रयास कर देश को आगे ले जाने व भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्रर साहू, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, पूर्व प्रदेश सेवादल संयोजक रवि शर्मा, पार्षद उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, पूर्व एल्डरमैन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी महामंत्री पप्पू राजपूत, कृष्ण कुमार साहू, संतोष प्रजापति, भागवत यादव मुकेश यादव, हेमंत नवरंगे, उमेश साहू, टीका राम ध्रुव, चोवा राम साहू, नरेंद्र पटेल सहित अनेक कांग्रेसी गण उपस्थित थे।

# तेज आंधी से स्कूल की बाउंड्री वाल गिरी, खंभे गिरे, तार टूटे, टीन-टप्पर उड़ गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 22 मई।** तिल्दा नेवरा में शाम करीब 6बजे तेज हवा के साथ बारिश ने नगर में चारों ओर तबाही मचा दी एक ओर विद्युत लाइन अवरुद्ध हुई तो जगह जगह तार टूटने खंबा गिरने से विद्युत आपूर्ति बंद है तो दूसरी ओर बाजार हाट में शेड हुकड़ने से बहुत बड़ा हादसा होने बच गया। नालियों हुई जामः अचानक हुई तेज बारिश से जगह जगह नालिया जाम हो गई। क्योंकि नालिया नियमित साफ नहीं हो रही है। स्कूल भवन की बाउंड्री वॉल भी तेज आधी तूफान से टूट गई हवा इतनी तेज थी कि शहर में जगह जगह तीन टपर उड़ गए।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

# शहीद परिवार के प्रति संवेदना और सम्मान सच्ची राष्ट्रभक्ति : मीरा ठाकुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 22 मई।** राष्ट्र भर में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के अंतर्गत जनपद पंचायत छुरा, नगर पंचायत छुरा एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तिरंगा यात्रा एवं सैनिक सम्मान का आयोजन मंगलवार को जनपद पंचायत के सभागार में किया गया कार्यक्रम में अतिथि के रुप में शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत, लुकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा कुलेश्वर सोनवानी जनपद उपाध्यक्ष, युवराज साहू सभापति जनपद पंचायत एवं जनपद सदस्य गण पंकज निर्मलकर दुलारी साहू महेंद्र ध्रुव भेसमती साहू विमला ध्रुव सुखराम ठाकुर मुंगेश्वरी ठाकुर नारायण सिन्हा पार्षदगण सलीम मेमन रजनी लहरे बलराज पटेल आदि मंचासीन हुए सर्वप्रथम भारत माता के तैल चित्र पर सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना की गई भारत माता की जय, सेना के वीर जवानों की जय, अमर शहीदों की जय के नारों का उदघोष किया गया एवं सामुहिक राष्ट्र गान गाए पश्चात अतिथियों का स्वागत आशा बरिहा भानेश्वरी यादव नागेश साहू और कमलेश के द्वारा गुलाल अभिषेक कर किया आपरेशन सिंदूर में सेना का पराक्रम और शौर्य ने देश के हर नागरिकों को गौरवान्वित किया है इसलिए हम सेना के साथ है और आपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र यह भाव लेकर भारतीय सेना का धन्यवाद म्यूजिक ग्रुप के नेमिचंद यादव विनोद देवांगन और रुपेश शर्मा ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर शुभारंभ किया स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी प्रभारी सीईओ आर के ध्रुव ने दिया पश्चात अपने उद्बोधन में शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि सेना के शौर्य को और राष्ट्रभक्ति की भावना को गांव गांव और घर घर तक पहुंचाना है अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए जागरूक रहना होगा अन्यथा कोई भी हमारी एकता अखंडता पर सेंध कर सकता है भारत की भूमि पर सब भाई चारे के साथ रहते हैं जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने सैनिकों के जीवन के संघर्ष और शहीद होने पर उनके परिवार के संघर्ष को भावविभोर होते बताया कि शहीद परिवार अनुकंपा या पेंशन के लिए कार्यालयों में जाते है तो उन्हें कई प्रकार के दिक्कतों का सामना करना पड़ता है शहीद परिवार के प्रति दफ्तरों में संवेदना और सम्मान होनी चाहिए तभी सच्ची राष्ट्र भक्ति होगी हम उन्ही के बदौलत चैन की नींद सोते हैं परिवार के संग एक साथ रहते हैं नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि हम अपने हर धड़कन में राष्ट्र को और तिरंगे को बिठाएं हम उठें और दूसरों को उठाएं हम आगे बढ़े और राष्ट्र को बढ़ाएं आयोजन के संयोजक को धन्यवाद दिया इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ने सीमा पर तैनात वीर सैनिकों और नौ स्थानों पर पाकिस्तान के आतंकी केंद्र को नष्ट करने की सराहना की साथ ही अपनी स्वरचित कविता का पाठ किया वरिष्ठ पार्षद सलीम मेमन ने देशभक्ति गीत मेरे देशप्रेमियों आपस में प्रेम करो गीत गाकर देशभक्ति का जोश बढ़ाया सभा को जनपद पंचायत सभापति युवराज साहू, युवा जनपद सदस्य पंकज निर्मल कर ने ओजस्वी वाणी से संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हीरालाल साहू ने तथा आभार समाजसेवी शीतल ध्रुव ने किया शहीद परिवारों के सदस्य अपरिहार्य कारणों से सम्मान के लिए उपस्थित न हो पाने के कारण पुलिस विभाग के उपस्थित सिपाहियों को उन्हे घर जाकर प्रदान करने सम्मान सामग्री अतिथियों द्वारा सौंपी गई। म्यूजिक ग्रुप द्वारा देश भक्ति गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। पश्चात जिला पंचायत सभापति कृषि विभाग लेखराज ध्रुवा के अगुवाई में तिरंगा यात्रा जनपद कार्यालय से जयघोष के साथ निकाली गई।कार्यक्रम में प्रमुख रुप से हेमलाल कंवर एडीईओ कयाराम यादव वरिष्ठ आलेपरिकरा अधिकारी पोखन लाल साहू आलेपरिकरा अधिकारी सुभाष निर्मलकर एसडीओ पीएचई चंद्राकर शिक्षक पुरानिक नागेश एवं पुलिस विभाग से खुमान साहू सउनि जयप्रकाश मिश्रा उदय पटेल कृष्णा यादव ओमप्रकाश भारती नितेश ध्रुव नगर सैनिक सहित बिहान कार्यक्रम के अधिकारी कर्मचारी जनपद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202505142400012/अ-2/2024-25

साकिनः-कर्राजैसा, प.ह.नं.-05

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक नारायण सिंह नेताम पिता मानसिंह नेताम, जाति गोंड़, निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर किरन्दुल, तहसील बड़े बचेली जिला दंतेवाड़ा के द्वारा ग्राम कर्राजैसा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 11/6 रकबा 0.0300 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 23.05.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चारामा,
मुहर जिला-उत्तर बस्तर कांकेर



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
Email-ID:ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph. No-07786-242243

**मैनुअल पद्धति वर्ष 2025-26 हेतु सूचना क्रमांक-03 (प्रथम दौर)**

**जोनल निविदा आमंत्रण**

क्रमांक/1929/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां.सेवा/2025 कोण्डागांव, दिनांक 20/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की जोनल निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की **अंतिम तिथि 06.06.2025 शाम 5.00 बजे** तक।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जोनल निविदा रू. 10.00 लाख से कम लागत के विद्युतीकरण कार्य विभिन्न प्रकार के भवनों हेतु- | |
| 1 | विकासखण्ड कोण्डागांव | 20.00 |
| 2 | विकासखण्ड माकड़ी | 20.00 |
| 3 | विकासखण्ड फरसगांव | 20.00 |
| 4 | विकासखण्ड केशकाल | 20.00 |
| 5 | विकासखण्ड बड़ेराजपुर | 20.00 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res. cg.gov.in दिनांक 23.05.2025 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

जी-252601041/4

पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे

# अश्लीलता फैलाने वाले कलाकारों की बुद्धिजीवियों ने की थाने में शिकायत

**रायपुर, 22 मई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को ठेस पहुंचाने वाले कथित अश्लील कंटेंट के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा है। यहां सिविल लाइन थाने में 32 लोगों के खिलाफ अश्लीलता फैलाने के आरोप में शिकायत की गई है। पुलिस को दी गई शिकायत में कथित कलाकारों और उनके चैनल के नाम भी दिए गए हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कंटेंट से जुड़ा है, जिसमें कुछ कथित कलाकारों पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन करने का आरोप लगा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हाल के दिनों में कुछ वीडियो और कंटेंट सामने आए हैं, जिन्हें स्थानीय लोग अश्लील और आपत्तिजनक बता रहे हैं। इन कंटेंट्स को कथित तौर पर कुछ व्यक्तियों द्वारा व्यूज और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए बनाया गया है। इनमें से कुछ वीडियो में छत्तीसगढ़ की स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री शामिल होने की बात कही जा रही है। इस तरह की गतिविधियों ने छत्तीसगढ़िया समाज में व्यापक आक्रोश पैदा किया है। इस मामले को लेकर कुछ स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने सिविल लाइन थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज की। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस तरह के कंटेंट न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि युवा पीढ़ी पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। शिकायत में शामिल एक व्यक्ति ने कहा, ÷ये लोग सिर्फ व्यूज और फॉलोअर्स के लिए हमारी संस्कृति को बदनाम कर रहे हैं। यह अस्वीकार्य है, और हम इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहते हैं। छत्तीसगढ़िया समाज, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के लिए जाना जाता है, इस घटना से गहरे आहत है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय नेताओं ने इस मामले में एकजुटता दिखाते हुए बदलाव की मांग की है। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है, जहां लोग इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की बात कर रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा, हमारी संस्कृति हमारी पहचान है। इसे बदनाम करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। सामाजिक संगठनों ने इस मामले में जागरूकता अभियान चलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही है। कुछ संगठनों ने यह भी मांग की है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी सामग्री को नियंत्रित करने के लिए सख्त नीतियां बनाई जाएं।

सिविल लाइन थाने में दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शिकायत में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों की पहचान की जा रही है, और उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच की जा रही है ताकि कथित अश्लील कंटेंट की सत्यता का पता लगाया जा सके। रायपुर पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया है कि इस मामले में निष्पक्ष और त्वरित जांच की जाएगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम शिकायत को गंभीरता से ले रहे हैं। अगर कोई भी व्यक्ति सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहा है, तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रायपुर में लगेंगे 2000 डस्ट बिन, डिजिटलर्0ी होगी मॉनिटरिंग

**रायपुर, 22 मई।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रति महापौर प्रतिबद्ध हैं। उनके द्वारा नागरिकों और संस्थाओं से इस दिशा में कार्य करने की अपील की गई। इस अपील और रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता के संबंध में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर जी.टी.पी. हेल्थकेयर ग्रुप के आई.एल.एस. हॉस्पिटल्स रायपुर शहर में 2000 डस्ट बिन स्थापित करेंगे। कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सी.एस.आर.) के अंतर्गत संस्था शहर के समस्त 10 जोनों में जल्द ही ट्विन बिन लगाने का कार्य करेगी। इसकी देखरेख डिजिटल माध्यम से भी की जाएगी। आई.एल.एस. हॉस्पिटल्स के डीजीएम श्री श्रीकांत उपाध्याय ने महापौर श्रीमती मीनल छगन चौबे को बुधवार को निगम मुख्यालय में इस पहल के लिए सहमति पत्र प्रदान किया। महापौर ने आमजन से अपील की कि वे कचरा डस्टबिन में ही डालें। शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी सहभागिता दें ताकि रायपुर स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल स्थान प्राप्त कर सके। इससे रायपुर



शहर की स्टार रेटिंग में भी सुधार होगा। इस अवसर पर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता श्री योगेश कुमार कड्डु भी उपस्थित रहे। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से निगम ने इस पहल का स्वागत करते हुए स्वीकृति प्रदान की। निगम द्वारा चिन्हित स्थानों पर जी.टी.पी. हेल्थकेयर ग्रुप सभी 10 जोनों में चयनित सार्वजनिक और व्यवसायिक स्थानों पर ट्विन बिन लगाएगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी संस्था की होगी। बिन में एकत्रित कचरे का संग्रहण और इसका चिन्हांकित स्थान तक परिवहन की जिम्मेदारी भी इस संस्था की होगी। दिन में न्यूनतम दो बार या अधिक कचरा एकत्रित होने पर आवश्यकतानुसार बिन से अपशिष्ट एकत्रित किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट भी प्रतिदिन निगम को प्रदान करना होगा। इस पहल पर स्वीकृति प्रदान करने के लिए हॉस्पिटल के सीओओ डॉ. सौरभ चोरड़िया, ग्रुप सीओओ डॉ. विशाल गोयल और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्री देवाशीष धर ने महापौर एवं आयुक्त श्री विश्वदीप का आभार व्यक्त किया। डॉ. सौरभ ने कहा कि स्वच्छता का सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ता है।

## हाईवा-ट्रक में टक्कर, चालक घायल



**रायपुर, 22 मई।** आमानाका में रेत उत्खनन में लगे एक हाईवा और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि हाईवा का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। चालक को केबिन से क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में रायपुर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही आए दिन ऐसे हादसों को जन्म दे रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भारी वाहनों पर नियंत्रण और नियमित निगरानी की मांग की है।

# युक्तियुक्तकरण सरकार का शिक्षा विरोधी कदम: बैज

**रायपुर, 22 मई।** नये सेटअप के तहत शिक्षकों की न्यूनतम संख्या में कटौती और युक्तियुक्तकरण के नए नियम का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है, जिससे छत्तीसगढ़ के लगभग 5000 स्कूल बंद हो जाएंगे, साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है? मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे? इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे, शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है।



# भाजपा राज में कोल, रेत माफिया को खुला संरक्षण

**रायपुर, 22 मई।** भाजपा की सरकार को रेत और खनन माफिया चला रहे है। कोयले के ट्रांसपोर्टिंग पर साय सरकार में 100 रू. टन की वसूली कर परिवहन का पास जारी किया जाता है। रेत का पूरा कारोबार भाजपा के विधायक नेता संभाले हुए है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपाई सत्ताधीशो के संरक्षण में पूरे प्रदेश में रेत माफिया आतंक का खूनी खेल खेल रहा है। भाजपा के मंत्री, विधायक, नेता, रेत के अवैध कारोबार के भागीदार बने हुये है। अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सत्तारूढ़ दल के नेता रेत माफिया की दादागिरी को प्रश्रय देते है। रेत घाटो के क्षेत्र के ग्रामीण और पंचायत कर्मचारी खनिज कर्मचारी बेबश और लाचार बन गये है। बलरामपुर जिले में रेत माफिया द्वारा पुलिस कांस्टेबल के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा कर हत्या किये जाने की घटना प्रदेश में विष्णु के सुशासन की वास्तविक हकीकत है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में अवैध माइनिंग का कारोबार भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के संरक्षण में फल-फूल रहा है। खनन माफिया भारतीय जनता पार्टी के सरकार में इतने बेफिक्र हो गए हैं की खुलेआम माइनिंग अधिकारियों कर्मचारियों की पिटाई कर रहे हैं। बलरामपुर की घटना पहली नही है, इसके पहले भी गरियाबंद में खनिज इंस्पेक्टर सहित अनेकों कर्मचारियों की पिटाई रेत माफिया ने किया था।

रायपुर जिले के आरंग के पास समोदा के हरदीडीह रेत घाट में खनिज विभाग के 16 अधिकारी, कर्मचारियों को अवैध खनन माफिया के लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा था। उसके बाद खनिज विभाग के कर्मचारियों के द्वारा सील की गई मशीन खुलवाई गई और कार्यवाही का पत्रक भी फाड़ दिया। कार्यवाही के नाम पर प्रशासन लीपा-पोती किया गया था। ना मशीनें जप्त की गई और न ही गाड़ियां। इससे बेहद स्पष्ट है कि अवैध खनन माफियाओं को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। सरकार की इस ढिलाई का नतीजा है।

## विप्र पब्लिक स्कूल भवन लोकार्पण समारोह 23 को

**रायपुर, 22 मई।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र महाविद्यालय के 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विप्र पब्लिक स्कूल भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया है। भवन का उद्घाटन अनंत श्री विभूषित द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद महाराज के करकमलों से संपन्न होगा।

# जल को सिर्फ संसाधन नहीं, संस्कार के रूप में अपनाएं: साव

**रायपुर, 22 मई।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) के शुभारंभ पर आयोजित कार्यशाला में 'जल संरक्षण की प्राचीन परंपरा और वर्तमान में इसे पुनर्जीवित करने की जरूरत' पर पीपीटी के माध्यम से अपनी बातें रखीं। उन्होंने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभियंताओं, स्वयंसेवी और गैर-सरकारी संगठनों से कहा कि इस गर्मी में सभी लोगों ने महसूस किया होगा कि जल संरक्षण क्यों जरूरी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भी गंभीरता से इसे महसूस कर वर्षा जल और भू-जल संवर्धन का अभियान मिशन मोड पर शुरू कर रही है। इसमें सभी शहरवासियों की



सहभागिता जरूरी है। कार्यशाला में हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग समूह और राज्य शासन के विभिन्न विभागों ने भू-जल और वर्षा जल के प्रभावी संवर्धन पर चार घंटे तक संवाद किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और भारत के वाटरमैन के नाम से प्रसिद्ध श्री राजेन्द्र सिंह ने ओपन सेशन में प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने प्रस्तुतिकरण में कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए जल को सहेजकर रखना हमारा सामाजिक दायित्व है। हमारे पूर्वजों ने भावी पीढ़ियों के लिए तालाब, कुएं और बावली बनाकर जल संरक्षित किया था। बाद की पीढ़ियों ने इनके संरक्षण-संवर्धन पर ध्यान नहीं दिया। नतीजतन, आज बड़ी संख्या में ये पट गए हैं या अतिक्रमण का शिकार हो गए हैं। जलस्त्रोतों के प्रति हमारी उदासीनता ने आज हमें जल संकट की ओर धकेल दिया है। श्री साव ने प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लेखित जल के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल न सिर्फ प्यास बुझाता है, अपितु यह संस्कृति, आस्था और जीवन का संगम है। जल संरक्षण जरूरत नहीं, हमारा सामाजिक दायित्व है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यशाला में प्रतिभागियों को भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमने नए तालाब और नए कुएं खोदने बंद कर दिए हैं। जल की हमारी सभी जरूरतों के लिए हम सरकार पर आश्रित हो गए हैं। हमने पूर्वजों के दिए स्त्रोतों को भी संरक्षित नहीं किया। इसने एक बड़ी विसंगति को जन्म दिया है। एक ओर गर्मी में बूंद-बूंद के लिए संघर्ष करते हैं तो दूसरी ओर बरसात में बाढ़ झेलते हैं। श्री साव ने कार्यशाला में शहरों में जल संकट की प्रमुख चुनौतियों को सामने रखते हुए भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के विभिन्न तरीकों को प्रभावी रूप से अमल में लाने पर जोर दिया।

## एक नजर

### माहेश्वरी महिला संगठन करेगा 100 व्हीलचेयर दान



**रायपुर, 22 मई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी परंपरा के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन अपने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाने की तैयारियों में जुट गया है, उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि महेश नवमी को श्रद्धापूर्वक मनाने का संकल्प लेते हुए इस पर्व पर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा व्हीलचेयर का दान किया जाएगा। वही प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी ने बताया कि 100 व्हील चेयर वृद्धा आश्रम, रेलवे स्टेशन एवं जरूरतमंदो को दिया जाएगा,इसके साथ ही अनेक सेवा के कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर समाज एकजुट होकर अनेक धर्म के कार्य करता है।

### व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक में शामिल हुए पारवानी



**रायपुर, 22 मई।** भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (क्र्प्प्ज) द्वारा गठित राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की छठवीं बैठक का आयोजन वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुनील सिंघी जी ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं वरिष्ठ व्यापारी नेता श्री अमर पारवानी ने सक्रिय रूप से भाग लिया और व्यापारियों की समस्याओं, समाधान और संभावनाओं पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। बैठक में देशभर के लगभग 20 राज्यों से व्यापारी प्रतिनिधि तथा 9 मंत्रालयों एवं विभागों के पदेन प्रतिनिधि (संयुक्त सचिव) उपस्थित रहे। यह बोर्ड देश की स्वतंत्रता के बाद व्यापारियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित पहला राष्ट्रीय मंच है, जिसका उद्देश्य व्यापारियों एवं उनके कर्मचारियों के कल्याण हेतु कार्य करना है। यह ÷श्रमेव जयते÷ की भावना को मूर्त रूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### पानी की तलाश में सड़कों की खुदाई: कन्हैया

**रायपुर, 22 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने ब्राह्मणपारा वार्ड में पानी की विकराल समस्या के लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाई गई उसकी टेस्टिंग भी की गई उसके बावजूद पानी नहीं आना और पानी की तलाश में मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े गढ्ढों का खोदा जाना भ्रष्टाचार की जीती जागती मिसाल है । उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी ब्राह्मणपारा और पुरानी बस्ती क्षेत्र में इसी तरह पानी का संकट हुआ था । पुरानी बस्ती थाना के पास लाखेनगर चौक में पानी के अवरोध को तलाशा गया था ,अभी लिली चौक पर मुख्य मार्ग में बड़ा गड्ढा खोदा गया ,लाखेनगर चौक और सारथी चौक में भी पानी सप्लाई में आ रहे अवरोध की तलाश में बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए हैं परंतु समस्या का निदान नहीं हो रहा है । श्री अग्रवाल ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जब पाइप लाइन बिछाई गई तमाम तरह की टेस्टिंग भी की गई उसके बावजूद यदि घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है तो उसके लिए जिम्मेदार तमाम अफसर और काम करने वाली एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। बदहाल और बुरी तरह चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि पहले तेज आंधी या तेज बारिश में कुछ देर के लिए लाइट बंद की जाती थी पर अब तो हवा चलने की आशंका- पानी गिरने की आशंका में ही लाइट बंद कर दी जा रही है । प्रतिदिन सुबह शाम दोपहर विद्युत कटौती हो रही है, साल भर चलने वाले मेंटेनेंस के बाद भी यदि यह स्थिति बरकरार है तो निश्चित रूप से इस कार्य में लापरवाही और साथ सांठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने और विद्युत कटौती बंद किए जाने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता है ।

### बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन वाले 40 स्कूलों के प्राचार्यों को नोटिस जारी

**रायपुर, 22 मई।** 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन वाले 40 स्कूलों के प्रचार्यों को संभागीय संयुक्त संचालक रायपुर ने नोटिस जारी किया है. परीक्षा परिणाम की समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है. जारी नोटिस में प्राचार्यों से कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है. नोटिस में सत्र 2024-25 में आयोजित मूल्यांकन टेस्ट / त्रैमासिक / अर्धवार्षिक/प्री-बोर्ड परीक्षा परिणाम, आतंरिक परीक्षाओं में न्यूनतम परिणाम वाले शिक्षकों पर की गई कार्यवाही (नोटिस) / कार्ययोजना, कमजोर बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके उपचारात्मक शिक्षा की कार्यवाही विवरण, लगातार अनुपस्थित बच्चों के संबंध में की गई कार्यवाही, शिक्षकों द्वारा बच्चों की जांची गई कॉपी एवं प्राचार्य द्वारा किया गया प्रतिपरीक्षण, प्राचार्य एवं शिक्षकों का मुख्यालय निवास एवं उससे स्कूल की दूरी, शिक्षकों द्वारा लिए गए अवकाश का विवरण एवं विद्यालय का सत्र 2024-25 में किस अधिकारी ने निरीक्षण किया, इसकी पूरी जानकारी मांगी गई है.

## समाचार संक्षेप

### महिलाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**रायपुर, 22 मई।** राजधानी में महिलाओं ने देशवासियों के गौरव एवं राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने का प्रतीक बने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता पर राजधानी शहर में नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन से गांधी मैदान एवं सिटी कोतवाली महावीर चौक होकर मालवीय रोड होते हुए जय स्तंभ चौक तक लगभग डेढ हजार से अधिक की संख्या में महिलाओं ने राष्ट्र भक्ति का परिचय देते हुए राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे संयुक्त नगर निगम की महिला पार्षदों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में आपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय सेना को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर दुश्मन देश के सौ से अधिक आतंकवादियों का सफाया किया। उनके 9 आतंकी ठिकानो का सफाया करने की अदभूत सफलता देश के लिए अर्जित की। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के अभियान की शानदार सफलता से कृत्य कृत्य होकर राजधानी की महिलाओं ने उत्साह के साथ आज शहर के मुख्य मार्गो में तिरंगा यात्रा हाथ में राष्ट्रध्वज तिरंगा लिए निकाली एवं सेना की शानदार सफलता से अभिभूत होकर महिलाओं ने आपस में सिंदूर खेला। आपरेशन न सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित महिला पार्षदों ने उत्साह के साथ सक्रिय सहभागिता दर्ज करवायी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर में मिली शानदार सफलता पर राजधानी के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर एकत्र होकर हार्दिक धन्यवाद दिया।

### दिव्यांग सेवा सद्भावना शिविर का उद्घाटन

**रायपुर, 22 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ द्वारा दिव्यांग सेवा सद्भावना शिविर का भारतरत्न राजीव गांधी के जन्मदिवस पर प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा , डॉ सुनील कालड़ा ने शुभारंभ किया । भारत में कम्प्यूटर युग के प्रणेता राजीव गांधी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । शिविर में कटे फ़टे होंठ व तालु के जन्मजात विकृति के बच्चों का परीक्षण ऑपरेशन शिविर का आयोजन कालड़ा बर्न व कास्मेटिक सेंटर में डॉ सुनील कालड़ा के मार्गदर्शन में किया गया है । राजीव गांधी के जन्मदिवस पर आयोजित शिविर में कटे फ़टे होंठों के ऑपरेशन सहित वैशाखी वितरण , श्रवण यन्त्र का वितरण किया जावेगा साथ ही हाथ पैर कटे दिव्यांगों का परीक्षण किया जावेगा । कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि शिविर में कटे फ़टे होंठ के बच्चों का परीक्षण डॉ सुनील कालड़ा द्वारा किया गया और 17 बच्चों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया है।जिनके होंठ तथा तालू में छिद्र का निःशुल्क ऑपरेशन किया जावेगा । पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर ने इस अवसर पर कहा कि कई बच्चों के जन्म से चेहरे विकृत होते हैं जिससे उन्हें खाने पीने में दिक्कत होती है , बोलने में उच्चारण सही नही हो पाता व बच्चों व माता पिता में हीन भावना पैदा हो जाती है । डॉ सुनील कालड़ा द्वारा ऐसे बच्चों के चेहरे ऑपरेशन से ठीक किये जावेंगे । महेन्द्र कोचर ने बताया कि ये ऑपरेशन प्राइवेट में कराने से लगभग 25 से 30 हजार रुपये का खर्च आता है जिसे प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के माध्यम से डॉ सुनील कालड़ा द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है । शिविर में आज सलमा 14 वर्ष , विकास साहू 14 वर्ष , निकिता बरिहा 12 वर्ष , भानुमति 15 वर्ष , रेहज 4 माह , ख़ातिमा 5 वर्ष , कुसुम 9 माह , फातिमा खातून 11 माह , अरुण 4 वर्ष , मोहम्मद रिजवन 12 वर्ष समीर 12 वर्ष , शेरू खातून 8 वर्ष सरोज साहू 5 वर्ष के कटे फ़टे होंठों का सफल ऑपरेशन प्रसिद्ध सर्जन डॉ सुनील कालड़ा द्वारा किया जावेगा।

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने की कार्यों की समीक्षा



**रायपुर, 22 मई।** मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, श्री दयानंद की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, की वर्ष 2025 की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक रेल अधिकारी क्लब, उल्लास में आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि दयानंद, अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक एवं श्री नरेंद्र सिंह मेहरा, उपनिदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सदस्य कार्यालयों की राजभाषा प्रगति की समीक्षा समिति के सचिव श्री निकेश कुमार पाण्डेय द्वारा की गई। साथ ही विभिन्न मदों पर चर्चा भी की गई। इस बैठक में श्री नरेंद्र सिंह मेहरा, उपनिदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में दिनांक 17.02.2025 को जयपुर में आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में नराकास, रायपुर को ' नराकास राजभाषा सम्मान ' प्राप्त होने पर सभी सदस्य कार्यालयों को बधाई दी तथा वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रयास करने का अनुरोध किया। अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि ÷आप सभी राजभाषा हिन्दी के प्रति अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन अच्छी तरह से कर रहे हैं ।

### भाजपा ने गोठान के खिलाफ दुष्प्रचार किया

**रायपुर, 22 मई।** भाजपा सरकार के द्वारा गोठनों का नाम बदलकर गौधाम शुरू करने पर तंज करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार गौठानों का नाम बदलकर अब गौधाम बना रही है इसी को कहते है लौट के बुद्धू घर को आए यही कहावत को भाजपा की सरकार चरितार्थ कर रही है भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के 10 हजार से अधिक गौठानों के खिलाफ दुष्प्रचार किया। सत्ता में आते ही गोठनों में ताला लगा दिया जिसका दुष्परिणाम पशुधन लावारिस सड़को में घूम रहे है पशु तस्करी तेजी से बढ़ी है। सड़को में दुर्घटना एवं भूख प्यास बीमारी से हजारों पशुधन की मौत हो गई। गांवों में छुट्टा पशुओं के कारण फसल चराई की गम्भीर समस्या उतपन हुई। गांव में विवाद बढ़ा। गोठनों में काम कर रही महिला स्वसहायता समूह की बहनों के हाथों से काम छीना गया। गोबर खरीदी बंद होने से गंदगी फैली। इसके लिए जिम्मेदार भाजपा को अब माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा बताएं 10000 गोठान वही है,गोठनों में जो टंकी,शेड, दीवार,सारी व्यवस्था वही है फिर भाजपा ने झूठे आरोप क्यों लगाया था? 3 लाख एकड़ जमीन जिसे संरक्षित हुई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26